आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 8 जनवरी 2025 ■ पौष शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-279 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 09 जनवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

## संक्षेप

### वी नारायणन बने ISRO के नये चेयरमैन

**चेन्नई,8 जनवरी।** वी नारायणन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नये चेयरमैन होंगे। केंद्र सरकार ने मंगलवार को स्पेस साइंटिस्ट वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष



अनुसंधान संगठन का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। उन्हें स्पेस डिपार्टमेंट का सचिव भी बनाया गया है। रॉकेट और स्पेसक्राफ्ट ऑपरेशन के एक्सपर्ट नारायणन 14 जनवरी को एस सोमनाथ की जगह लेंगे। सोमनाथ 14 जनवरी को दो साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद सेवानिवृत्त हो जाएंगे। नारायणन का कार्यकाल 2 साल का रहेगा। फिलहाल वे वलियामाला स्थित लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (LPSC) के डायरेक्टर हैं। नारायणन के पास 40 साल का अनुभव है।

### सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को किया नाकाम


**सुकमा,8 जनवरी।** सुकमा जिले में नक्सलियों की एक बड़ी साज़िश सुरक्षाबलों द्वारा नाकाम कर दी गई। कोन्टा-गोलापल्ली मार्ग पर जवानों ने 10 किलो वजनी आईईडी बरामद किया, जिसे नक्सलियों ने जवानों को ब्लास्ट कर क्षति पहुँचाने के लिए लगाया था। जवानों ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही आईईडी को ब्लास्ट कर नष्ट कर दिया। यह संयुक्त कार्यवाही सीआरपीएफ की 228वीं वाहिनी और जिला बल के द्वारा की गई है.

### चीन सीमा पर आईटीबीपी ने तैनात की 6 नई बटालियन

**नईदिल्ली, 8 जनवरी ।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने बर्फीले मोर्चे पर परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की अपनी योजना के तहत भारत-चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर छह नई बटालियनें तैनात की हैं। इस बल ने अपनी निर्धारित 56 सीमा चौकियों में से 33 को आगे बढ़ाया है। आईटीबीपी के महानिदेशक (डीजी) राहुल रसगोत्रा ने मंगलवार को ओडिशा के खोरधा जिले में बल के 63वें स्थापना दिवस परेड के दौरान यह बात कही। नक्सली हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में सीमा बल के अभियानों के बारे में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के सबसे घने जंगल क्षेत्रों में जल्द ही कुछ अग्रिम ठिकाने बनाए जाएंगे।

# एचएमपीवी के बढ़ते मामलों के बाद केंद्र सरकार अलर्ट
## स्वास्थ्य सचिव ने की बैठक, राज्यों को दिया ये टास्क

**नईदिल्ली, 8 जनवरी।** भारत में ह्यूमन मेटानिमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण के कुछ मामले सामने आने के बाद केंद्र ने राज्यों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संबंधी रोग (एसएआरआई) सहित श्वसन संबंधी बीमारियों के लिए निगरानी बढ़ाने को कहा है। साथ ही एचएमपीवी की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सोमवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक डिजिटल बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में स्वास्थ्य सचिव ने देश में श्वसन संबंधी बीमारियों, एचएमपीवी मामलों एवं उनसे निपटने के तैयारियों का जायजा लिया गया।स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि बैठक में स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव डा. राजीव बहल, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डा. अतुल गोयल, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आइडीएसपी), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) और आइडीएसपी की राज्य निगरानी इकाइयों के विशेषज्ञ शामिल हुए। एचएमपीवी



को वैश्विक स्तर पर श्वसन संबंधी वायरस कहा जाता है। यह एक संक्रामक रोगाणु है जो किसी भी आयु वर्ग के लोगों में श्वसन संबंधी संक्रमण का कारण बन सकता है। स्वास्थ्य मंत्रालय के बयान में कहा गया कि बैठक के दौरान यह बात दोहराई गई कि आईडीएसपी के आंकड़ों से देश में कहीं भी आईएलआई और एसएआरआई के मामलों में कोई असामान्य वृद्धि के संकेत नहीं मिले हैं। बयान में कहा गया कि केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि एचएमपीवी दो दशक से भी ज्यादा समय से विश्व स्तर पर मौजूद है। उन्होंने राज्यों को आईएलआई/एसएआरआई निगरानी को मजबूत करने और उसकी समीक्षा करने की सलाह दी। राज्यों को यह भी सलाह दी गई कि वे वायरस के संक्रमण की रोकथाम के बारे में लोगों के बीच सूचना, संचार तथा जागरूकता को बढ़ाएं जैसे कि साबुन और पानी से बार-बार हाथ धोना, गंदे हाथों से आंख, नाक या मुंह को नहीं छूना, रोग के लक्षण वाले लोगों के साथ निकट संपर्क से बचना और खांसते एवं छींकते समय मुंह एवं नाक को ढंकना आदि। श्रीवास्तव ने दोहराया कि श्वसन संबंधी बीमारियों में आमतौर पर सर्दियों के महीनों में बढ़ोतरी देखी जाती है और देश ऐसे मामलों में किसी भी संभावित वृद्धि से निपटने को पूरी तरह तैयार है। मंगलवार को महाराष्ट्र के नागपुर में एचएमपीवी के दो संदिग्ध मामले सामने आए।

## कथनी-करनी में अंतर से कम हुआ है राजनेताओं पर भरोसा : राजनाथ सिंह

**आगरा, 08 जनवरी ।** राजनीति में रहकर लोगों को गुमराह ठीक नहीं। कथनी-करनी के अंतर से ही देश में राजनेताओं पर भरोसा कम हुआ है। वर्तमान सरकार ऐसा नहीं करती। इस कारण बेहतर नेतृत्व में देश खूब तरक्की कर रहा है। परिणाम ढाई से तीन महीने में दिखाई देगा और देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आगरा में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के 57वें प्रांतीय सम्मेलन के मंच से बिना नाम लिए विरोधियों पर तई तीर छोड़े। साथ ही शिक्षकों को अधिकारों के साथ कर्तव्य और जिम्मेदारियों का पाठ पढ़ाते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए समर्थ युवा पीढ़ी को तैयार करने की अपील भी की।मोती लाल नेहरू रोड स्थित मुफीद-ए-आम इंटर कॉलेज में हुए समारोह के उद्घाटन सत्र में उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पंचम वेतन आयोग लागू करने के अपने कार्य को याद दिलाते हुए कहा कि हमारी कथनी और करनी में अंतर नहीं होता। मगर, राजनीति के क्षेत्र में रहकर कुछ राजनेता लोगों को गुमराह करते हैं। उनकी कथनी-करनी में अंतर से देश के नेताओं से जनता का भरोसा कम हुआ है। रक्षा मंत्री ने कहा कि विरोधी तमाम प्रश्न उठाते हैं, लेकिन हम काम में विश्वास करते हैं। जब से सत्ता में आए हैं, देश तरक्की कर रहा है और विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की सूची में देश 11वें स्थान से पांचवें पर आया, अब ढाई महीने में देश विश्व की पांचवीं से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### नक्सल घटना के बाद पुलिस विभाग की बड़ी बैठक
## विजय शर्मा कर रहे नक्सल ऑपरेशन और कानून व्यवस्था की समीक्षा



**रायपुर,8 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था और नक्सल ऑपरेशन को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज मंत्रालय में पुलिस विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे. यह बैठक देर शाम तक चलेगी. बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुवा, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं.बता दें कि दो दिन पहले बीजापुर में बड़ी नक?सली घटना हुई थी, जिसमें डीआरजी के 8 जवान और एक ड्राइवर शहीद हुए थे. इस घटना के बाद इस बैठक को बेहद अहम माना जा रहा है. बताया जा रहा है कि डिप्?टी सीएम विजय शर्मा नक?सल विरोधी अभियान की विस्?तार से समीक्षा करेंगे. साथ ही पुलिस के आला अफसरों के साथ प्रदेश में लॉ एंड आर्डर पर भी विस्तार से चर्चा करेंगे.

### बहन की चुनरी से युवक ने लगाई फांसी

**खैरागढ़.** ठेलकाडीह थाना क्षेत्र के ग्राम गातापार कला में 21 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. इस घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है. पुलिस मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए खैरागढ़ भेजकर घटना की जांच कर रही. मिली जानकारी के अनुसार, विक्की यादव ने अपने घर में फांसी लगाई है. परिजनों ने बताया कि विक्की ने सुसाइड करने अपनी बहन की चुनरी का इस्तेमाल किया है. मृतक विक्की यादव एबीस फैक्ट्री में काम करता था. परिजनों के अनुसार, कुछ समय से वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था. हालात ऐसे हो गए थे कि कुछ दिनों पहले उसने अपना मोबाइल फोन भी बेच दिया था. ठेलकाडीह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है.



### मुख्यमंत्री निवास में सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज से मिले सीएम साय

रायपुर. प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में परमपूज्य सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज ने सौजन्य मुलाकात की है. सीएम साय ने शाल-श्रीफल भेंटकर सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया है. इस दौरान उन्होंने सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज से सामाजिक और आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा भी की है. सीएम साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं के लिए विख्यात है. सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज के मार्गदर्शन में यह परंपरा और सुदृढ़ होगी. उन्होंने राज्य सरकार की ओर से सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज के सामाजिक और आध्यात्मिक प्रयासों में हरसंभव सहयोग की बात कही है.

## जातिगत गाली-गलौज करने पर भाजपा नेत्री पहुंची जेल

**सारंगढ़ (बिलाईगढ़)।** जातिगत गाली-गलौच करते हुए वीडियो के वायरल होने के बाद आखिरकार भाजपा नेत्री हेमकुँवर को पुलिस ने जेल भेज दिया है. नगर में यही चर्चा थी कि एक तरफ जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति पटेल के नाम की घोषणा होने पर भाजपाई खुशियां मना रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर भाजपा नेत्री हेमकुँवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया.दरअसल, चंद रोज पहले भाजपा नेत्री हेमकुँवर अपने क्षेत्र के कार्यों को लेकर जनपद पंचायत पहुंची थी. जहां उनका जनपद कर्मचारी नारद से किसी बात को लेकर तूतू, मै-मै हो गया. दोनों के बीच कहा-सुनी इतनी बढ़ गई कि मामला गाली-गलौच तक जा पहुंचा. वायरल वीडियो में भाजपा नेत्री घटना के लिए उकसाते सुनाई और दिखाई पड़ रहा है.



मामले में जनपद पंचायत के कर्मचारी नारद ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. मामले की जांच उपरांत पुलिस ने महिला भाजपा नेत्री हेमकुँवर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल दाखिल कर दिया. फिलहाल, मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है, कि आखिर भाजपा जिला अध्यक्ष की घोषणा के बाद भाजपा नेत्री की गिरफ्तारी और जेल जाना किस तरह का संदेश है.

## गौ वंशों को ले जाते ट्रक पकड़ाया, तीन गिरफ्तार

**सिमगा,8 जनवरी**

प्रदेश से गौ तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है. ताजा घटना सिमगा थाना क्षेत्र की है, जहां गौ रक्षकों ने बीती रात करीबन ढाई किमी तक पीछा कर गौ वंशों से लदे ट्रक को पकड़ने में कामयाबी पाई. मामले में ट्रक ड्राइवर के अलावा दो हेल्परों को गिरफ्तार किया गया है. गौ तस्कर पुलिस और गौ रक्षकों की नजरों से बचने के लिए गौ तस्कर आए दिन नए-नए तरीके इजाद करते रहते हैं. ताजा घटनाक्रम में गौ तस्करों ने ट्रक को तिरपाल से ढंककर ऊपर बोरी रखा हुआ था. अंदर गौ वंशों को भरे हुए थे. यही नहीं मुख्य रास्ते से आने की बजाए गांवों को जोड़ने वाली सड़कों के जरिए वे बलौदाबाजार से सिमगा



की ओर जा रहे थे. लेकिन गौ रक्षकों को इसकी भनक लग गई थी. उन्होंने करीबन ढाई किलोमीटर तक पीछा कर ट्रक को रोकने में कामयाबी पाई. गौ तस्करी का मामला सिमगा थाना में दर्ज किया गया है.ट्रक के अंदर पड़ताल करने पर 32 गौ वंशे पाए गए, जिन्हें ठूस-ठूस कर रखा गया था. मामले में ट्रक ड्राइवर सोनू पाल, हेल्पर इरशाद अंसारी और अनिल रेड्डी को गिरफ्तार किया गया है.

### कोयला खदान में घुसा पानी: 9 मजदूर फंसे, एक का शव बरामद

**गुवाहाटी।** असम के दीमा हसाओ जिले में एक बड़ा हादसा हो गया। भारी बारिश के बाद, असम-मेघालय बॉर्डर के पास एक सुदूर इलाके उमरंगसो में 300 फीट गहरी अवैध कोयला खदान में सोमवार को पानी भर गया, जिससे नौ मजदूर फंस गए। बुधवार को आर्मी के गोताखोरों ने एक मजदूर का शव बरामद किया है। मजदूरों को बचाने के लिए बड़े स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। लेकिन बताया जा रहा है कि बचाव कार्य में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम करने वाली एनडीआरएफ की टीम ने बचावकर्मियों की सुरक्षा के लिए खदान से पानी निकालने और स्ट्रक्चर को मजबूत करने सहित सतही कार्यों में अहम भूमिका निभाई है।

# जमींदोज हुआ बिलासपुर का मिशन अस्पताल

**बिलासपुर.** न्यायधानी बिलासपुर में मिशन अस्पताल के लीज के चर्चित मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है. कमिश्नर कोर्ट के 30 अक्टूबर के आदेश के मद्देनजर आज मिशनरी कब्जे के अस्पताल को जमींदोज करने की कार्रवाई की जा रही है. मौके पर निगम अमला 10 बुलडोजर के साथ सरकारी जमीन से कब्जा हटाने जुट गया है. कैम्पस के भीतर बने भवनों को ढहाया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक, क्रिश्चियन वुमन बोर्ड ऑफ मिशन हॉस्पिटल, बिलासपुर की साल 1885 में स्थापना हुई. सेवा के नाम से मिशन अस्पताल को 11 एकड़ जमीन लीज पर दी गई थी. 1966 में लीज का नवीनीकरण कर साल 1994 तक लीज बढ़ाई गई थी. पुलिस की अवधि 31 अप्रैल 1994 तक के लिए थी. लीज में मुख्य रूप से निर्माण में बदलाव एवं व्यवसायिक




गतिविधियां बिना कलेक्टर की अनुमति के न किए जाने की शर्त थी.

**चौपाटी बनाकर कर रहे थे लाखों की कमाई**-लीज अवधि समाप्त होने के बाद भी 30 सालों तक प्रबंधन ने लीज का नवीनीकरण नहीं कराया. साथ ही शर्तों का उल्लंघन करते हुए डायरेक्टर रमन जोगी ने इसे चौपाटी बनाकर किराए पर चढ़ाकर लाखों रुपए की कमाई करने लगे. कैम्पस के भीतर एक रेस्टोरेंट भी इस पर संचालित हो रहा था. कलेक्टर अवनीश शरण ने मिशन हॉस्पिटल के लीज की शर्तों का उल्लंघन करने पर दस्तावेजों की पड़ताल करने का निर्देश दिया. जांच में पता चला कि 31 अप्रैल 1994 तक लीज की अवधि थी और सेवा के नाम पर लीज लेकर व्यवासायिक उपयोग करने लगे और लाखों रुपये किराए भी वसूल करने लगे थे. जांच के दौरान यह मालूम पड़ा कि 92069 वर्ग फिट अन्य व्यक्तियों के नाम रजिस्टर विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय भी किया गया था.

**कमिश्नर महादेव कावरे ने पलटा फैसला**-बिलासपुर संभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपे जाने के बाद कमिश्नर महादेव कावरे ने मामले में सुनवाई की. जिसमें पूर्व कमिश्नर के स्टे के आदेश को खारिज कर दिया था. जिसके बाद जिला प्रशासन और निगम आज अस्पताल भवन को जमीदोज करने की कार्रवाई में जुट गया है.

# धर्मांतरण पर साय सरकार जल्द ला रही कड़ा कानून

**रायपुर,8 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर साय सरकार नया कानून लाने जा रही है. छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य कानून में नियमों का उल्लंघन या जबरिया धर्म परिवर्तन कराने वाले को कड़ी सजा का प्रावधान होगा. इस कानून के बाहर जाकर कोई धर्म बदलेगा तो उसको मान्यता नहीं दी जाएगी. इसके अलावा प्रलोभन या दबाव डालकर धर्म परिवर्तन करने वाले को दोषी मानते हुए उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कोई कानून नहीं है. किसी धर्म के अनुयायी के कहने पर लोग दूसरे धर्म को स्वीकार कर लेते हैं, और उनकी पूजा पद्धति अपनाकर अपने आपको उस धर्म का अनुयायी कहने लगते हैं. इस पर बंदिश लगाने के लिहाज से धर्मांतरण की पूरी प्रक्रिया को एक कानून के कायदे में लाया जा रहा है. बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ का गृह विभाग फिलहाल विभिन्न राज्यों में इस संबंध में बनाए गए नियम कानून का अध्ययन कर रहा है. जिन राज्यों में बेहतर कानून है, उसके प्रावधान यहां लागू किए जाएंगे. आठ से दस राज्यों की कानूनों की बारीकियों को ध्यान में रखकर ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है. इसमें उत्तर प्रदेश का कानून सबसे मजबूत बताया जा रहा है. इस कारण उत्तरप्रदेश में धर्म स्वातंत्र्य कानून का बहुत अधिक हिस्सा यहां लिया जाएगा. इसके तहत एक प्रक्रिया बनाने के साथ ही दोषी लोगों को कड़ी सजा देने की प्रक्रिया का खासतौर पर ध्यान दिया जा रहा है. प्रदेश के आदिवासी बहुत क्षेत्रों में खासकर बस्तर, जशपुर, रायगढ़ क्षेत्र में बड़े पैमाने पर आदिवासियों को ईसाई धर्म में लिया जा रहा है. यह विवाद का विषय बना हुआ है. बस्तर के नारायणपुर क्षेत्र में तो यह गुटीय संघर्ष में तब्दील हो चुका है. आदिवासी और धर्म परिवर्तन करने वाले आदिवासियों के बीच गाहे-बगाहे विवाद की स्थिति बनती रहती है. पुलिस को बार-बार बीच-बचाव करना पड़ता है. बता दें कि धर्मांतरण का विवाद लोगों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहा है. हाल में दो युवकों ने धर्मांतरण के दबाव से तंग आकर आत्महत्या कर ली है. दुर्ग और धमतरी क्षेत्र में इन युवकों की पत्नी और अन्य परिवार के सदस्यों ने ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया था, जिसके बाद धर्मांतरण के लिए दबाव बना रहे थे, जिससे व्यथित युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी.

### बस्तर में धर्मांतरण की सर्वाधिक शिकायतें

धर्मांतरण के खिलाफ पिछले 11 महीने में छत्तीसगढ़ में 13 एफआईआर की जा चुकी है. इसके अलावा बस्तर संभाग में ही धर्मांतरण की अलग-अलग 23 शिकायतें पुलिस को की जा चुकी हैं. यह मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है. बड़े बोदल वाले मामले में गत दिवस बस्तर बंद का आह्वान किया गया था.

### मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दिए संकेत

धर्मांतरण को लेकर नए कानून लाए जाने का संकेत देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि धर्मांतरण, मतांतरण, और बाद में राष्ट्रांतरण का रूप लेता है. हिंदू जब-जब बंटे तो मुगलों और अंग्रेजों ने राज किया. इस पर कड़ा कानून आना चाहिए. धर्म विरासत पर मिलती है, यह किसी की अर्जित की गई सम्मति नहीं है.

### मध्य प्रदेश में कांग्रेस एकजुट कोई विवाद नहीं : कमलनाथ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस में अंदर खाने चल रही खींचतान की चर्चाओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने सफाई दी है। साथ में कहा है कि राज्य में कांग्रेस एकजुट है और किसी तरह का विवाद भी नहीं है। बीते दिनों प्रदेश कांग्रेस कमेटी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक हुई थी और उसके बाद इस बात की चर्चा जोरों पर थी कि कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कुछ मसलों पर अपनी नाराजगी जताई है। नाराजगी की चर्चाओं के बीच कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस की मजबूती के लिए और प्रदेश की व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए हम सब कांग्रेस जन एक हैं।

# क्या बांग्लादेश का भी हो सकता है कनाडा जैसा हाल?

**नई दिल्ली,8 जनवरी।** भारत से दुश्मनी करना बहुत ही महंगा पड़ सकता है। इस समय दो ऐसे मुल्क हैं, पहला कनाडा जिसके पीएम जस्टिन ट्रूडो को भारत से टकराने की सजा मिली है। अब उन्हें सत्ता भी गंवानी पड़ गई है। दूसरी तरफ हमारा पड़ोसी देश बांग्लादेश है। सत्ता का चेहरा तो मोहम्मद यूनुस हैं, लेकिन असल में वो कट्टरपंथियों के नायक बनते नजर आ रहे हैं। हाथों में लाठी-डंडें और जुबान पर अल्लाह हू अकबर के नारे के साथ यूनुस के कट्टरपंथी फौज या फिर कहे तालिबानी सेना बांग्लादेश में कत्लेआम मचाती नजर आ रही है। अफगानिस्तान के तालिबान की तरह धार्मिक कट्टरता का उन्माद खड़ा किया जा रहा है। यूनुस राज में बांग्लादेश कट्टरपंथियों का अड्डा बन चुका है। जिसकी गवाही वहां से आती रोज की खबरें दे रही हैं।



बांग्लादेश के नील फमारी शहर में संगीत के दीवानों के लिए म्यूजिक कंसर्ट का आयोजन किया गया था। लेकिन उसका संगीत कंट्टरपंथियों को नहीं भाया तो उन्होंने म्यूजिक कंसर्ट को ही बंद करवा दिया। कंट्टरपंथियों ने न सिर्फ कंसर्ट को बंद करवाया बल्कि संगीत को इस्लाम के खिलाफ बताकर भरे मंच से नारेबाजी कर दी। यूनुस और उनके कट्टरपंथी गैंग को हिंदुओं से नफरत और हिंदुस्तान से भी चिढ़ है। इसी वजह से ये म्यूजिक कंसर्ट बंद करवाया गया है। उन्हें डर था कि कंसर्ट में हिंदुस्तानी गाना बजेगा और बांग्लादेशी झूमने लगेंगे। एक तरफ तालिबानी सोच वाले कट्टरपंथी हिंदुस्तानी गाने से डर रहे हैं तो दूसरी ओर उनके आका मोहम्मद यूनुस भारत की कूटनीतिक ताकत से डर रहे हैं। उनका डर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे ने और बढ़ा दिया है। ट्रूडो ने भारत के खिलाफ बहुत जहर उगला था। खालिस्तान के मुद्दे पर भारत को आंख दिखाने की कोशिश की थी। लेकिन उनके खिलाफ उनकी ही पार्टी के लोगों ने बगावत कर दी तो उन्हें पीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा। ट्रूडो भी भारत के खिलाफ उलूल जुलूल बयानबाजी कर चुके हैं और इसलिए अब यूनुस भी घबरा रहे हैं। मोहम्मद यूनुस की घबराहट एक इंटरव्यू में भी सामने आई थी। जब उन्होंने कहा था कि अगर कैबिनेट में इतने सारे भारतीय मूल के सदस्य रहेंगे और दोनों के बीच इतना अच्छा संबंध रहेगा। तो नुकसान हो सकता है। अब ट्रूडो की तरह मोहम्मद यूनुस भी बांग्लादेश में हिंदुस्तान विरोधी ताकतों को हवा दे रहे हैं। कट्टर जमात पर नकेल कसने की बजाए हिंदुओं के कत्लेआम करने वालों को खुला लाइसेंस दे रहे हैं।

# एक नजर

## घर में चोरी,दो लोग पुलिस के हवाले

**भिलाई, 8 जनवरी।** भिलाई अपने गांव के एक घर में चोरी करने के लिए घुसे दो बदमाश सूरज बंजारे और गोवर्धन जोशी में से एक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। आरोपितों ने घर का ताला तोड़कर एक हजार रुपये नकद और आधार कार्ड चोरी कर लिया था। घटना की जानकारी लगते ही शिकायतकर्ता घर पहुंचा तो उसने दोनों आरोपितों को देख लिया, लेकिन दोनों आरोपित वहां से भाग निकले इसके बाद ग्रामीण, आरोपितों की तलाश में निकले और सूरज को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है दूसरे आरोपित की पतासाजी की जा रही है पुलिस ने बताया कि ग्राम मुड़पार निवासी शिकायतकर्ता श्याम सिंह चौधरी सोमवार को घर पर ताला बंद कर परिवार के साथ रिश्तेदार के यहां कुम्हारी गया था रात में साढ़े आठ बजे पड़ोसी ने फोनकर जानकारी दी कि उसके घर में चोर घुसे हैं। इस पर शिकायतकर्ता अपने घर पहुंचा और अंदर जाकर देखा तो आरोपित सूरज बऔर गोवर्धन वहां पर थे पीड़ित को देखते ही दोनों उसे धक्का देकर फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित ने ग्रामीणों के साथ मिलकर रात में आरोपित सूरज को पकड़ा वहीं उसका दूसरा साथी गोवर्धन जोशी फरार हो गया पुलिस ने सतनामी पारा ग्राम मुड़पार निवासी आरोपित 34 वर्षीय सूरज बंजारे के खिलाफ चोरी की धारा के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा है।

## आटो चोरी मामले में युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 8 जनवरी।** भिलाई साक्षरता चौक के पास से एक आटो की चोरी करने वाले बदमाश बबलू खुंटे को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार किया हैनए साल की शाम को आटो चालक अपनी गाड़ी को कुछ देर के लिए खड़ी कर एग रोल की दुकान पर गया था इसी दौरान सूर्या नगर फल मंडी के पीछे - कैंप-दो निवासी 26 वर्षीय आरोपित बबलू खुंटे ने उसकी गाड़ी चोरी कर ली थी आरोपित ने आटो चुराने के बाद उसे प्रगति नगर कैंप-एक मैं सोसायटी के पास छिपा दिया था छावनी प्रभारी चेतन चंद्राकर ने बताया कि आरोपित बबलू की निशानदेही पर चोरी के आटो को बरामद किया गया है इसकी कीमत करीब 80 हजार रुपये आकी गई है पुलिस ने आरोपित के खिलाफ चोरी की धारा के तहत कार्रवाई कर न्यालाय में पेश किया, जहां से न्यायिक रिमांड पर लेकर आरोपित की जेल भेजा गया है।

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 8 जनवरी।** भिलाई जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि 6 जनवरी को प्रार्थी श्याम सिंह निवासी ग्राम मुड़पार द्वारा थाना जामुल आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम मुड़पार का रहने वाला सूरज बंजारे एवं गोवर्धन जोशी द्वारा रात्रि 8.30 बजे घर के दरवाजे में लगे ताले को तोड़ पेटी में रखे नगदी 1000 रूपये एवं आधार कार्ड चोरी कर ले गया है जामुल पुलिस द्वारा माल मुलजिम के पता तलाश में जुट गई। पता तलाश के दौरान आरोपी सूरज बंजारे को घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया तथा चोरी की रकम 500 रूपये एवं आधार कार्ड पुलिस को बरामद कराया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया एवं आरोपी गोवर्धन जोशी फरार है जिसका पता तलाश किया जा रहा है ।

## यूनिवर्सल रेल मिल में विभागीय सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन

**भिलाई, 8 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में मंगलवार को रेल उत्कृष्टता केंद्र सम्मेलन हॉल में विभागीय सुरक्षा जागरूकता सप्ताह-2025 का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बिजय कुमार बेहरा उपस्थित थे। बेहरा ने मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सत्पथी, मुख्य महाप्रबंधक इंद्रजीत सेनगुप्ता, महाप्रबंधक प्रभारी विशाल गुप्ता, महाप्रबंधक आर के मुखर्जी, महाप्रबंधक शिशिर शुक्ला, महाप्रबंधक इलियास अहमद की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को सामूहिक रूप से सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। वरिष्ठ प्रबंधक अरविंद कुमार साहा ने कार्यक्रम का संचालन किया। महाप्रबंधक आर के मुखर्जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

## गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के लिए अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी

**दुर्ग, 8 जनवरी ।** प्रतिवर्ष की भांति गणतंत्र दिवस 26 जनवरी का आयोजन जिले में गरिमामयी एवं हर्षोल्लास के साथ जिला मुख्यालय अंतर्गत भिलाई स्थित प्रथम बटालियन ग्राउण्ड में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9:00 बजे से किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 8:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के आयोजन के लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अधिकारियों की बैठक में विभागवार जिम्मेदारी सौंपी है। जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह स्थल में ही परेड आयोजित की जाएगी। इसके अलावा अन्य स्थान पर परेड आयोजित नहीं होगी। परेड में जिला आरक्षक बल, विशेष बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, होमगार्ड शामिल होंगे। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए समिति बनाने तथा जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयारी प्रारंभ करने कहा है। अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा एवं राष्ट्रगान होगा। समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## फिर महिला आरक्षण पर आपत्ति

**उतई।** नगर पंचायत उतई में आगामी चुनाव के लिए नगरीय निकाय आरक्षण में अनारक्षित महिला हो गया है,जिस पर उतई निवासी जिला भाजपा मंत्री रोहित साहू ने आपत्ति दर्ज कराया है,उन्होंने कहा कि 2014 में भी उतई नगर पंचायत में अनारक्षित महिला थी इस बार भी महिला हो गया जिस पर पुनः विचार करने आवेदन नगरीय निकाय संचालक को दिया है।

# बीजापुर में शहीद जवानों को भाजपा ने दी श्रद्धांजलि और नक्सलियों के कायराना हमले की निंदा भी की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुए आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए जवानों को सोमवार की रात सुपेला के घड़ी चौक पर भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एकत्र हो श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन और जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने केंडल जला कर शहीद वीर जवानों का स्मरण कर नक्सलियों के कायराना हमले की निंदा की। पटना सामाजिक बैठक से भिलाई लौटे विधायक सेन ने केंडल जलाकर रात्रि साढ़े 10 बजे सुपेला चौक पर शहीद वीरों को श्रद्धांजलि दी। आपको बता दें कि कल बीजापुर आईईडी ब्लास्ट में बुधराम कोरसा पिता पाण्डू कोरसा डीआरजी, सोमडू वेट्टी पिता सन्नू वेट्टी बस्तर फाईटर्स, सुदर्शन वेट्टी पिता आशाराम बस्तर फाइटर्स, सुबरनाथ यादव पिता श्रीधर यादव बस्तर फाइटर्स, हरीश कोर्राम पिता गोन्डू बस्तर फाइटर्स, डूम्मा मरकाम पिता आयतु मरकाम डीआरजी, पण्डरू राम पोयाय पिता स्व. जोगा पोयाम डीआरजी, बामन सोढ़ी पिता स्व. हड़मा सोढ़ी डीआरजी सहित 8 जवान और वाहन चालक सिविलियन तुलेश्वर राना शहीद हो गए हैं। सेन ने कहा कि ज्वाइंट ऑपरेशन पूरा कर जवान वापस लौट रहे थे



तभी दोपहर करीब सवा 2 बजे बीजापुर मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर अंबेली गांव के पास नक्सलियों ने ब्लास्ट किया। विस्फोट में हमारे 8 जवान और एक ड्राइवर शहीद हुए हैं। हम उनकी शहादत को नमन करते हैं, उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। जल्द छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा होगा और यहां शांति बहाल होगी। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन, भाजपा नेता योगेन्द्र सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शशी भगत, दीपक भोंडेकर, तरुण सिंह, शंकर लाल देवांगन, खिलावन साहू, अरविंद जैन, विजय सिंह, विजय जायसवाल, पार्षद चंदेश्वरी बांधे, मोतीलाल श्रीवास्तव, प्रदीप गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, विजय वर्मा, विनय सेन, अवतार सिंह, विवेक सेन, सतबीर सिंह, मुन्ना लाल कुकरेजा, बाल्मिकी सोनी, संजय साहू, शिवकुमार पटेल, सतीश सिंह, पवन सिंह, रमेश सिंह, कुबेर शर्मा, मुरलीधर गुल्हाने, अनुज यादव, खूबलाल साहू, आलोक जैन, दिनेश चुरहे, मनीष सिंह, गुरमीत सिंह, संजय सिंह राठौर, मुखविंदर सिंह, रमाकांत गुप्ता, संदीप सिंह, गुरमीत सिंह, दविंदर पाल, राजेश चौधरी, नंदू टंडन, रवि राजपूत, गुरूमुख सिंह, नागेंद्र सिंह, देवेंद्र सिन्हा, हर्षित राजपूत, रामा राव, लक्ष्मण चौधरी, सचिन ताम्रकार, हरबंश सिंह, नरेंद्र सिंह, राजीव अग्रवाल सहित अनेक भाजपा, भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने वीर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

## कार्यालय में लंबे समय से नहीं आ रहे कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त की जाए:कलेक्टर

**दुर्ग, 8 जनवरी ।** जिले में शासकीय कार्यालयों में लम्बे समय से अनुपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त होगी। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों और विभागीय गतिविधियों की विभागवार समीक्षा की। कार्यालयों में लम्बे अवधि से अनुपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों की समीक्षा के दौरान कई विभागों द्वारा कार्यालय में लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारियां दी गई लेकिन अब तक इस संबंध में नियमानुसार कार्यवाहियां नहीं की गई है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए कार्यालयों में लम्बे समय से अनिधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवाएं मार्च 2025 से पहले समाप्त करने के कड़े निर्देश संबंधित जिला प्रमुख अधिकारियों को दिये हैं।

# हुडको में रोशनी से जगमगाया अजमेरी गुम्बद,छठी शरीफ पर हुई फातिहाख्वानी



**भिलाई, 8 जनवरी।** हुडको आमदी नगर स्थित हजरत बिलाल सुन्नी मस्जिद के गुम्बद को अजमेर शरीफ ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह के सुनहरे गुम्बद का प्रतिरूप दिया गया है। अजमेर शरीफ में ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स मुबारक में छठी शरीफ पर 6 जनवरी सोमवार की शाम सौंदर्यीकरण के बाद यह अजमेरी गुम्बद रोशनी से नहा उठा। इस मौके पर मस्जिद कमेटी की ओर से फातिहा ख्वानी करवाई गई और दुआए खैर की गई। सदर शाहिद अहमद रज्जन ने बताया कि कमेटी की कोशिश थी कि सौंदर्यीकरण के साथ मस्जिद की एक अलग पहचान साबित हो। इसलिए यहां अजमेरी गुम्बद बनवाया गया है। इसके लिए फतेहपुर राजस्थान से आए कारीगरों समीर बाबा, काशिद अहमद, जुम्मन अली और मुमताज अली ने काफी मेहनत की और ख्वाजा गरीब नवाज की मजार मुबारक के गुम्बद की हूबहू नकल यहां बना दी। यह गुम्बद वाई शेप ब्रिज से भी साफ नजर आता है।

# हुडको में राम कथा का आयोजन,351 महिलाएं कलश यात्रा में हुईं शामिल



**भिलाई, 8 जनवरी।** श्री राम कथा समिति हुडको द्वारा 5 से 12 जनवरी तक श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महाराष्ट्र के प्रमुख कथा वाचक राम ज्ञानी दास महात्यागी महाराज तीरखेड़ा आश्रम सालेकशा महाराष्ट्र से पधार रहे हैं। इस कार्यक्रम के प्रथम दिन 5 जनवरी को विशाल कलश यात्रा संध्या 4 बजे हुडको पेट्रोल पम्प से कथा कल मंगल बाजार गणेश मैदान तक ढोल धमाकों डी जे के साथ भव्य कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन प्रेम प्रकाश पांडेय पूर्व विधानसभा अध्यक्ष द्वारा शुभारम्भ किया गया जिसमें 521 महिलाएं कलश उठाकर कलश यात्रा में सम्मिलित हुईं। सभी महिलाएं लाल साड़ियों में ढोल बाजे के साथ में कलश यात्रा में निकलीं पूरे रास्ते भर पुष्प वर्षा व बम फाटकों की झड़ियां होती रहीं। इस कार्यक्रम में हुडको के मां कर्मा मानस मंडली ? शिव सेवा समिति, हुडको ए मार्केट हम हिंदुस्तानी महिला समिति, शिव मानस मंडल समिति, जय माता, दुर्गोत्सव समिति, जगदीश्वर महादेव समिति, अन्नपूर्णा मंदिर, गायत्री मंदिर, श्री कोदंडा राम मंदिर, मां दुर्गा जीवन चेतना जन कल्याण समिति, गुरुद्वारा समिति, कालीबाड़ी मंदिर, गजानंद मंदिर, महाराष्ट्र मंडल आदि समितियां प्रमुख रूप से अपने समिति के समस्त महिला सदस्यों के साथ उपस्थित रही। कार्यक्रम में श्री राम कथा के अध्यक्ष अशोक स्वाई, कोषाध्यक्ष अंजनचंदा, व्ही एस रॉव मीडिया प्रभारी, संगीतज्ञ एवं सदस्य दीपांकर दास, रवि साहू, रणजीत स्वाई, अरुण पांडा सभी सदस्य उपस्थित रहकर रास्ते भर में बम फ़टाके फोड़ते निकले कार्यक्रम के कलश यात्रा में वरिष्ठ संरक्षक प्रेम प्रकाश पांडे, सीजू एंथोनी पार्षद हुडको, संजय जे दानी पूर्व नेता प्रतिपक्ष भिलाई, गोल्डी सोनी अध्यक्ष पश्चिम एवं हुडको के गणमान्य नागरिकगण हजारों की संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश पांडे ने कहा हुडको जो है मिनी भारत है यहां पर सर्व धर्म सर्व जाति के लोग निवास करते हैं। ऐसे में श्री राम कथा का भव्य आयोजन बहुत ही सहरानीय कार्य है। समिति के द्वारा 352 लोगों को साड़ी वितरण की है। जो कि बहुत सराहनीय कदम है। हुडको वासियों से अपील की गई कि श्री राम कथा का अधिक से अधिक आनंद लें। समिति के अध्यक्ष अशोक स्वाई, मीडिया प्रभारी व्ही एस रॉव, दीपांकर दास, रणजीत स्वाई,अरुण पंडा, कोषाध्यक्ष अंजनचंदा, रवि साहू ने 6 से 12 जनवरी तक शाम को 4 बजे से 8 बजे तक राम कथा का आयोजन का आनंद लेते हुए कथा के पश्चात महाभोग प्रसाद लेने हेतु परिवार समेत उपस्थित होने की अपील की।

# जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक को दुर्ग भाजपा कार्यालय में योगेश निक्की ने दी बधाई




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,8 जनवरी।** प्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा संगठनात्मक चुनाव दुर्ग जिला में संगठन महापर्व के निमित्त सम्पन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी के संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, विधायक - ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, ईश्वर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेताओं, जेष्ठ-श्रेष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति में जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा संभाग प्रभारी द्वारा की गई।जिला महामंत्री का दायित्व निभाने वाले कर्मठ नेता सुरेंद्र कौशिक जी को भाजपा दुर्ग जिला के अध्यक्ष नियुक्त होने पर नगर पंचायत पाटन के नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले ने अपने साथियों के साथ दुर्ग भाजपा कार्यालय पहुँचकर नवीन दायित्व मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर पाटन भाजपा मण्डल अध्यक्ष रानी बंछोर,ओबीसी पिछड़ा वर्ग जिला उपाध्यक्ष दामोदर चक्रधारी,अनुसूचित जाति जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद आडिल,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष केवल देवांगन,महिला मोर्चा अध्यक्ष निशा सोनी,केशव बंछोर,सागर सोनी,सरपंच आशीष बंछोर,प्रवीण मढ़रिया,पूणेंद्र सिन्हा,आदित्य सावर्णी,खिलेश वर्मा,संदीप बंछोर,सीता देवांगन,हेमलता पटेल प्रमुख रुप से उपस्थित थे।



**कवर्धा।** हरीतिमा टीम के सदस्यों ने पौधे पर जल डालकर पौधा संरक्षण का संदेश दिया ।

# हितग्राही अंशदान की राशि जमा कर शीघ्र पा सकते हैं स्वयं का मकान



**भिलाई, 8 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया गया है। जो हितग्राही वर्ष 2022-23 में आवास हेतु निगम के आवास शाखा में आवेदन जमा किए हैं और जिन हितग्राहियों का नाम पात्र सूची में है, वे शासन के नियमानुसार 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा कर 10 जनवरी 2025 को होने वाले लॉटरी में शामिल होकर अपना स्वयं का मकान पा सकते हैं। इस संबंध में निगम के सभागार में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने हितग्राहियों, निर्माणकर्ता एजेंसी एवं ऋण प्रदान करने वाले बैंकों के अधिकारियो की बैठक लेकर उन्हे पैसा जमा करने के लिए प्रेरित किये। बैठक में 50 से 90 प्रतिशत राशि जमा करने वाले हितग्राही उपस्थित हुए थे। जिन्हे आयुक्त द्वारा समझाया गया कि जो राशि प्रतिमाह आप मकान किराये के रूप में जमा कर रहे हैं। पूरा पैसा जमा कर देने के बाद मकान प्रदाय कर दिया जायेगा। इसके लिए बैंकों से घटते क्रम में ऋण प्रदान किया जा रहा है। बिना किसी विशेष पत्राचार किये, दोनों पक्षों के बीच बात-चीत, अनुबंध आदि करवाया गया। जो व्यक्ति पूरा पैसा जमा कर देगा, उसे आबंटित मकान का कब्जा पत्र एवं मकान की चाबी 14 जनवरी को प्रदान कर दी जायेगी। यह सुविधा सभी हितग्राहियों के लिए उपलब्ध है। बैठक के दौरान कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, अभियंता दीपक देवांगन, सी.एल.टी.सी. से उत्पल शर्मा, आदित्य ठाकुर, प्रभारी योजना अधिकारी विद्यायाधर देवांगन, निर्माणाधीन एजेंसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जो भी मकान संबंधी हितग्राहियो द्वारा समस्या बताई गई उसे निराकरण करने के लिए आयुक्त ने एजेंसी को निर्देशित किया।

# पीएम आवास की चाबी मकान स्थल पर 14 को ही दी जाएगी




**भिलाई, 8 जनवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में खम्हरिया एवं जुनवानी में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर मकान-मोर आस घटक के तहत निर्मित मकानों के हितग्राहियों को 14 जनवरी को निर्मित स्थल पर चयनित मकान की चाबी प्रदान की जायेगी। ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा पूर्व में आबंटित मकान का पूरा पैसा जमा कर दिया गया है, उनको मकान सौंप दिया जायेगा। निर्माणाधीन मकानों का निरीक्षण करने संबंधित एजेंसी एवं निगम के अभियंता के साथ आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्थल पर पहुंचे। निर्माण में फिटिंग एवं फिनिसिंग से संबंधित जो कमियां हैं, जैसे- नल की टोली, वास बेसिंग, किचन का सिंक, खिड़खी, दरवाजे में जो भी कमी है, उसे 14 जनवरी तक पूर्ण करने को निर्देशित किये। निगम क्षेत्र में पहली बार हो रहा है कि हितग्राहियों को निर्धारित स्थल पर मकान की चाबी प्रदान की जायेगी। इस संबंध में निगम भिलाई से संबंधित व्यक्तियों को सूचना दे दी गई है। फोन भी किया जा रहा है, जो भी देय राशि है, उसे जमा करने को भी कहा जा रहा है। चयनित स्थल पर बिजली का सप्लाई मकान तक रहेगा, आबंटित व्यक्ति अपने नाम से मीटर लगवाने के लिए निगम से प्राप्त कब्जा पत्र के साथ विद्युत मीटर लगाने का एनओसी प्रदान की गई है। उसे लेकर नजदीकी विद्युत विभाग में जाकर स्वयं अपने नाम का मीटर लगवाना होगा। इस कार्य में हितग्राही को स्वयं पहल करके अपना काम करना होगा। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, अभियंता दीपक देवांगन, सी.एल.टी.सी. से उत्पल शर्मा, आदित्य ठाकुर, जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## काउंसलिंग के माध्यम से बिखरते परिवार को टूटने से बचाती है महिला सेल



**कवर्धा, 8 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं उप पुलिस अधीक्षक मोनिका सिंह परिहार मैडम के निर्देशानुसार महिला सेल प्रभारी सउनि विजया कैवर्त व काउंसलर सीमा रानी कुर्रे एवं महिला सेल स्टाफ द्वारा सन् 2024 में 312 आवेदनों में काउंसलिंग कराया गया जिसमें 185 आवेदनों में दोनों परिवारों के मध्य समझौता करा कर बिखरते परिवार को काउंसलिंग के माध्यम से टूटने से बचाया गया,65 आवेदन में आवेदिका/ आवेदक को फैना देकर न्यायालय शरण जाने की सलाह दी गई, ओर 52 आवेदनों में कार्यवाही हेतु संबंधित थाना को भेजा गया। महिला सेल प्रभारी विजया कैवर्त ने उक्त जानकारी देते हुए कहा की महिलाओं या बालिकाओं को कोई भी परेशानी आने पर दूरभाष नंबर 07741 232900 पर काल कर सकते है और डायल 112 ओर 100 नम्बर पर भी काल कर शिकायत की जानकारी दे सकते है । महिला सुरक्षा पर हमेशा फोकस रहता है और आसाजमिक तत्वों पर पैनी नजर रहती है । स्कूल , कालेज में महिला एवं बालिका सुरक्षा संबंधी जागरूकता का संदेश लगातार दिया जाता है ।

## बीएसपी ने किया कलवर में चिकित्सा शिविर का आयोजन



**भिलाई, 8 जनवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के लौह अयस्क खदान समूह, राजहरा के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम कलवर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कलवर में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 120 लोगों की जांच करके उनको दवाई का वितरण किया गया। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए इस शिविर में सामान्य जांच के अतिरिक्त शुगर, बीपी की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गईं।

## एक नजर

### फर्जी धान खरीदी में कलेक्टर ने संबंधित लोगों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव 8 जनवरी।** जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों में औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान सेवा सहकारी समिति मर्यादित रामपुर द्वारा संचालित धान खरीदी केन्द्र रामपुर का खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण दौरान मौके पर समिति प्रबंधक सह धान खरीदी प्रभारी श्री दिलीप चंद्राकर, ऑपरेटर श्री नरेन्द्र वर्मा उपस्थित थे। निरीक्षण में धान खरीदी केन्द्र रामपुर में लगभग 6768 बोरा धान प्रथम दृष्टया फर्जी खरीदी किया जाना पाया गया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने धान उपार्जन केन्द्र रामपुर के सबंधित कर्मचारियों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगाव को निर्देशित किया है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त धान उपार्जन केन्द्रों का भौतिक सत्यापन संयुक्त जांच दल का गठन कर किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### बीजापुर नक्सली हमले में शहीद जवानों को मेश्राम व युवाओं ने श्रद्धांजलि दी



**डोंगरगढ़ 8 जनवरी।** बीजापुर में शहीद जवान एवं वाहन चालक दल के सदस्य की नक्सली हमले में शहीद हो जाने व पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्त्या का विरोध करते हुए 07 जनवरी को स्थानीय जयस्तम्भ चौक में समाजसेवी भारत भूषण मेश्राम के नेतृत्व में युवा सदस्यों के द्वारा शहीदों को मोमबत्ती जलाकर 2 मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहीं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले जन सेवक मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या पर भी गौर करते सरकार से निवेदन किया गया है कि पत्रकारिता के क्षेत्र में जो पत्रकार कार्य करते है उनकी सुरक्षा के लिए पत्रकार कानून लागू करने के लिए शासन से मांग की गई। इस अवसर पर भारत भूषण मेश्राम समाजसेवी अश्वनी निर्मलकर, मोनू मानिकपुरी, विशाल नेताम, आदित्य सिन्हा, सोनू मानिकपुरी, कैलाश साहू, निखिल यूके, वासु यादव, हिमांशु यादव, डाकेंद्र सिन्हा, पीयूष श्रीवास्तव, गज्जू सिरसाम, गेब्रियल, शेख गजाली, रोशन लाउट्रे, करण सिंह यादव, कुणाल साहू, सुजल साहू सहित युवावर्ग उपस्थित रहे।

### पुरातात्विक शैलचित्रों के लिए प्रसिद्ध चितवाडोंगरी बन रहा है प्रमुख पर्यटन केंद्र

**रायपुर, 8 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले का चितवाडोंगरी अपनी पुरातात्विक शैलचित्रों और प्राकृतिक गुफाओं के लिए जाना जाता है। डौंडी लोहरा विकासखंड के ग्राम सहगांव के पास स्थित यह क्षेत्र न केवल ऐतिहासिक महत्व का है, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य से भी भरपूर है। चितवाडोंगरी के ऊंचे भाग से गोंदली जलाशय और आसपास के वनांचल का अद्भुत दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। चितवाडोंगरी में बड़ी चट्टानों के बीच स्थित छोटी-छोटी गुफाएं और इन पर उकेरे गए प्राचीन शैलचित्र इसकी ऐतिहासिकता को उजागर करते हैं। इन शैलचित्रों को संरक्षित करने के लिए वन विभाग ने इसे तारों से घेर दिया है। पर्यटकों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने चितवाडोंगरी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के कई प्रयास किए हैं। यहां बैठक व्यवस्था, सोलर लाइट, शुद्ध पेयजल, शौचालय और पर्यावरण के अनुकूल रास्ते बनाए गए हैं। साथ ही वृक्षारोपण भी किया गया है, जिससे यह स्थान और अधिक आकर्षक बन गया है। इस क्षेत्र की खूबसूरती और ऐतिहासिक महत्व को देखने देशभर से पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। चितवाडोंगरी अब बालोद जिले के प्रमुख पुरातात्विक पर्यटन स्थलों में से एक बन चुका है, जहां आगंतुकों को इतिहास और प्रकृति का अनूठा संगम देखने को मिलता है।

### धान खरीदी केंद्रों पर माइक्रो एटीएम की सुविधा से किसानों को राहत

**रायपुर, 8 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी केंद्रों को आधुनिक और सुलभ बनाया जा रहा है। इन केंद्रों पर माइक्रो एटीएम की सुविधा ने किसानों को बड़ी राहत दी है। सेंदरी सेवा सहकारी समिति के धान खरीदी केंद्र पर पहुंचे किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। सेंदरी गांव के किसान श्री परसराम केवट ने खुशी जाहिर करते हुए बताया, धान बेचने के बाद खरीदी केंद्र पर ही माइक्रो एटीएम से भुगतान मिल जाना हमारे लिए बहुत बड़ा बदलाव है। अब बैंक की लंबी कतारों में घंटों इंतजार नहीं करना पड़ता। समय पर पैसे मिलने से ट्रांसपोर्ट और अन्य जरूरतों को पूरा करना आसान हो गया है। ग्राम गतौरी के किसान श्री तेजस्वी सिंह ठाकुर ने भी इस सुविधा की तारीफ करते हुए कहा कि माइक्रो एटीएम से तुरंत भुगतान होने से किसानों को काफी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि अब धान बेचने में किसी तरह की परेशानी नहीं होती और बैंक जाने की आवश्यकता भी कम हो गई है।

### नए साल में खिलाड़ियों को टेनिस और हॉकी अकादमी की सौगात

**रायपुर, 8 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में खेल अधोसंरचनाओं को तेजी से विकसित किया जा रहा है। नए साल में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों को बड़ी सौगात दी हैं। उन्होंने राजधानी रायपुर में टेनिस अकादमी और राजनांदगांव में हॉकी अकादमी का प्रारंभ करने के लिए मंजूरी दी है। इन दो नई अकादमी के प्रारंभ होने से यहां के खिलाड़ी टेनिस और हॉकी के क्षेत्र में देश में छत्तीसगढ़ की नई पहचान बना सकेंगे। टेनिस और हॉकी अकादमियों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक खेल सुविधाओं के साथ ही उत्कृष्ट कोच भी उपलब्ध होंगे।

# भक्तिन माता राजिम के आदर्श सभी समाजों के लिए अनुकरणीय:मुख्यमंत्री

**रायपुर, 8 जनवरी।** राजिम शैव और वैष्णव परंपरा का संगम स्थल है। राजिम के इस पवित्र स्थल में ही भगवान श्रीराम ने कुलेश्वर महादेव की स्थापना कर उनकी पूजा-अर्चना की थी। सोन्दूर, पैरी और महानदी के त्रिवेणी संगम के कारण यह क्षेत्र पूरे देश में प्रसिद्ध है। राजिम नगरी छत्तीसगढ़ का प्रयागराज के रूप में प्रसिद्ध है। यहां से प्रवाहित होने वाली महानदी पापमोचिनी गंगा कहलाती है। राजिम भक्तिन माता के नाम पर ही राजिम का नाम हुआ है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजिम में साहू समाज द्वारा आयोजित भक्तिन माता राजिम जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि हम आज उस भूमि में एकत्रित हुए हैं जहां भगवान श्रीराम ने माता सीता के साथ अपने चरण रखे। माता सीता ने यहां महादेव की पूजा अर्चना की और रेत से ही कुलेश्वर महादेव को स्थापित किया। उन्होंने कहा कि राजिम भक्तिन माता ने जिस त्याग और तपस्या का उदाहरण प्रस्तुत किया, उसकी स्मृति साहू समाज संजोये हुए है। राजिम भक्तिन माता की जयंती से सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलता है। साथ ही उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा मिलती है। समाज के एकजुट होने से प्रदेश और देश को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने इस अवसर पर राजिम में भक्तिन माता की भव्य कांस्य प्रतिमा की स्थापना के लिए 5 करोड़ रूपए की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि साहू समाज प्रगतिशील समाज है। यह समाज खेती किसानी के साथ-साथ व्यापार, उद्योग जगत में आगे बढ़ रहा है। साहू समाज अपनी विरासत को भी संजोये हुए हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति लेकर 140 करोड़ भारतीयों को अपना परिवार मानकर उनके हित में 18-18 घंटे काम करने वाले देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी आपके समाज का गौरव हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय राजिम में भव्य कुंभ कल्प की शुरूआत हुई थी। पूर्ववर्ती सरकार ने इसकी गरिमा कम कर दी थी। हमारी सरकार ने राजिम कुंभ कल्प की गरिमा को पुनर्स्थापित किया है। पिछले साल राजिम कुंभ में देश भर से संत समागम हुआ। हम इस साल भी हम भव्य राजिम कुंभ कल्प का आयोजन करने जा रहे है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताओं और बहनों की उपस्थिति है। हमने महतारी वंदन योजना से महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम किया है। अभी हाल ही में इस योजना की ग्यारहवीं किश्त माता-बहनों के खाते में हस्तांतरित की गई है। पहली तारीख को माताओं-बहनों के मोबाइल में इस योजना की राशि जाती है और उनका चेहरा खिल जाता है। इससे उन्हें अपने बजट को व्यवस्थित करने में मदद मिलती है। जब भी मैं इस बारे में उनसे चर्चा करता हूँ वे बहुत खुश हो कर बताती हैं कि इस योजना से उनके जीवन में कितना बदलाव आया। सही मायने में तब लगता है कि हम अटल जी के सुशासन का सपना छत्तीसगढ़ में साकार कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि उन्होंने अमेरिका प्रवास के दौरान देखा कि किस तरह विदेशों में भी साहू समाज के बच्चे छत्तीसगढ़ का परचम लहरा रहे हैं।

## कलेक्टर को जनदर्शन में नागरिकों ने बताई अपनी समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 जनवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



## निगम आयुक्त ने दैनिक वेतन भोगी एवं ठेका श्रमिकों का भौतिक सत्यापन कर उनके कार्यों की ली जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 8 जनवरी।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज निगम के अधीन विभिन्न विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी एवं ठेका श्रमिकों का आज सुबह टाका घर में समक्ष में भौतिक सत्यापन कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की उपायुक्त श्री मोबिन अली एवं कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा से विभागवार जानकारी ली। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा कामकाज की समीक्षा के दौरान आज टाका घर में निगम के अधीन विभिन्न विभागों लोककर्म, जल, विद्युत, मोटर, स्वास्थ्य, उद्यानिकी एवं सामान्य प्रशासन विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी तथा ठेला श्रमिकों का समक्ष मे भौतिक सत्यापन किया और उनके द्वारा उपायुक्त श्री अली से संख्याबल की जानकारी लेकर विभागों में क्या क्या कार्य किया जा रहा है चर्चा किये। उन्होंने कर्मचारियों से चर्चा कर उनके द्वारा विभाग में क्या कार्य किया जा रहा है, कार्य में क्या परेशानी आ रही है जानकारी ली। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी कर्मचारी अपने कार्य में सुधार लावे और निष्ठापूर्वक अपने अपने दायित्वों का निर्वाहन करे, चुकि नगरीय निकाय जनता से जुडी संस्था है, जिनका मुख्य कार्य जनता को बिजली, पानी, सफाई जैसी महत्वपूर्ण सेवा प्रदान करना है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न हो सभी कर्मचारी निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर कार्य करेंगे, बिना कारण या सूचना के अनुपस्थित नहीं रहेगे। उन्होंने प्लेसमेंट एजेन्सियों से भी कहा कि आपके द्वारा उपलब्ध कराये गये कर्मचारी के कार्यो की समय समय पर समीक्षा करे एवं निविदा शर्तो के अधीन कार्य करें।

### राजिम माता की कांस्य प्रतिमा होगी स्थापितः मुख्यमंत्री

**राजनांदगांव 8 जनवरी।** आज राजिम में वृहद राज्य स्तरीय संत शिरोमणी भक्त राजिम माता जी की जयंती समारोह राजिम धर्म नगरी में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के आतिथ्य एवं केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू डीप्टी सीएम अरूण साव ,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गरिमामय उपास्थि भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।इस दौरान छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समाज की मांग पर नदी के तट पर भक्त शिरोमणी राजिम माता जी की भव्य कांस्य प्रतिमा स्थापित करने पांच करोड़ रुपये देने की घोषणा की।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस आश्य की घोषणा से कार्यक्रम स्थल राजिम माता जय -राजिम माता जय - जय, साहू समाज की जय गुंजायमान हो गया और मुख्यमंत्री के उक्त घोषणा से सामाजिक जन एक दूसरे को बधाई देते नजर आए।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर सभी समाजिक जनों माता राजिम जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी।इस गरिमामय समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में दिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्ति सर्वश्री भागवत साहू, रेल्वे सुरक्षा बल में कार्यरत श्रीमती तरुणा साहू, पत्रकारिता के क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार अंकालू साहू दैनिक सुबह का प्रहरी ब्यूरो चीफ एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपक साहू ब्यूरो चीफ पहट को सूबे के मुखिया विष्णु देव साय के करकमलों से प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## समाचार संक्षेप

### बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिताः मोहला के अजय यादव ने सिल्वर मेडल जीतकर बढ़ाया मान



**मोहला 8 जनवरी।** कवर्धा में 5 जनवरी 2025 को मिस्टर छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेशभर से 250 से 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 55 किलोग्राम से 85 किलोग्राम तक विभिन्न भार वर्गों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मोहला मानपुर अं चौकी जिले के युवा बॉडी बिल्डर अजय यादव ने 75 किलोग्राम वेट कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया और सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने अपने कोच निलेश ठाकुर और टिकेश ठाकुर का मार्गदर्शन और समर्थन को श्रेय दिया। प्रतियोगिता में अजय यादव ने न केवल अपनी फिटनेस और तकनीक का लोहा मनवाया, बल्कि युवाओं को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक होने का संदेश भी दिया। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें इस स्तर तक पहुंचाया, जहां वे प्रदेश के बेहतरीन बॉडी बिल्डर्स में गिने जाते हैं। प्रतियोगिता में मिस्टर छत्तीसगढ़ का खिताब आनंद राव ने जीता। इस आयोजन ने न केवल प्रदेश के बॉडी बिल्डिंग खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान किया, बल्कि इस खेल के प्रति लोगों की रुचि भी बढ़ाई। अजय यादव की इस उपलब्धि से मोहला क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनके इस प्रदर्शन ने यह साबित किया है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी कड़ी मेहनत और समर्पण से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। बॉडी बिल्डिंग के प्रति उनका जुनून और योगदान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### इंटक यूनियन ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल खोलने की मांग की

**तिल्दा नेवरा 8 जनवरी।** जिले मे आठ बड़ी बड़ी सीमेंट संयंत्र है एक प्लांट मे ही दो से तीन तीन यूनिट है जिससे बलौदाबाजार जिला पूरे देश मे सीमेंट हब के नाम से जाना जाता है जिसमे लगभग बीस हजार श्रमिक पूरे जिले मे काम करते है जिसका कर्मचारी राज्य बीमा निगम का अंशदान कंपनी व श्रमिक मिलाकर करोड़ो रुपये महीने मे सरकार के पास जाता है लेकिन बड़ा दुख कि बात यह है कि आज तक जिले मे श्रमिको को इएसआईसी अस्पताल नही मिला है श्रमिको कि समस्या को देखते हुए इंटक यूनियन के अध्यक्ष दिलीप कुमार वर्मा के नेतृत्व मे कलेक्टर साहब से मिलकर लिखित मे आवेदन देकर कर्मचारी राज्य बीमा निगम खोलने कि मांग किया गया साथ ही संयंत्रों मे हो रहे हादसों को रोकने के लिए ,पर्यावरण अधिनियन,श्रम अधिनियन ,कारखाना अधिनियन का पालन कराने हेतु जिला स्तरीय कमेटी बनाने का निवेदन किया गया । कलेक्टर साहब ने सभी मांग जायज बताया साथ ही पुरा करने का आश्वासन दिया श्री सीमेंट से डेकराम यादव महासचिव,दिलीप यदु उपाध्यक्ष, लोकनाथ साहू कोषाध्यक्ष, रामा रजक,दीपक बघेल,टेकराम,योगेश पांडे ,गज्जू यादव,शीत कुमार व साथी थे,न्यू विष्ठा सीमेंट से अनिल खुटे उपाध्यक्ष, जगमोहन सचिव व साथी अंबुजा सीमेंट से चिन्नू वर्मा उपाध्यक्ष, थानवार वर्मा संरक्षक व साथी उपस्थित थे।

### रॉयल किड्स के अर्शवीर ने 132 रन ठोके मोहड़ ने भी वेसलियन को हराया

**राजनांदगांव 8 जनवरी।** जिला मुख्यालय में अंतरशालेय क्रिकेट टूर्नामेंट सवेरा कप के नॉकआउट राउंड में रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं। आज दोनों मैदान में कुल पांच मैच खेले जायेंगे ।जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्पर्धा के तीसरे दिन एनबीआईएस, मोहड़ (डोंगरगांव), युगांतर स्कूल और रॉयल किड्स स्कूल ने जीत दर्ज की। वहीं मुकाबला हारने वाली टीमें स्पर्धा से बाहर हो गई। सवेरा कप के मुकाबले दो अलग - अलग मैदानों में खेले जा रहे हैं। टूर्नामेंट के तीसरे दिन भी चार मैच खेले गए। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि, तीसरे दिन खेले गए मैचों में रनों की बौछार हुई। बल्लेबाजों ने जहां आतिशी पारी खेली तो गेंदबाजी में भी कमाल देखने को मिला। कुछ प्लेयरों के ऑलराउंडर प्रदर्शन ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खिंचा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को दोनों मैदान पर कुल 5 मैच खेले जाएंगे। स्टेट स्कूल ग्राउंड में पहला मैच नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल (एनबीआईएस) , बोरी बनाम म्युनिसिपल स्कूल, राजनांदगांव के बीच खेला गया। टॉस जीतने के बाद एनबीआईएस ने गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए म्युनिसिपल स्कूल ने 119 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से शुभम साहू ने 26 और यश निषाद ने 19 रन बनाए। जबकि एनबीआईएस की ओर से गेंदबाज वेद चौहान ने 4 विकेट लिए। 120 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एनबीआईएस ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। टीम की ओर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए आर्यन व?यास ने 42 और वेद चौहान ने 19 रनों का योगदान दिया। आलराउंडर वेद को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## नगर निगम ने़ अभियान चलाकर चौक-चौराहों में 11 मवेशी पकड़े

■ पशु मालिको की सजगता से ही दुर्घटना से बचाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 जनवरी।** सुगम आवागमन एवं दुर्घटना से बचाने घुमंतु मवेशियों की धर पकड के तहत नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान में निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही के तहत आज शहर के विभिन्न मार्गो व चौक चौराहो से 11 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी। पशु मालिकों द्वारा मवेशी खुला छोडने से मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। यदि पशु मालिक सजगताा बरतेंगे तो दुर्घटना से बचा जा सकता है। निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित किये है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज शहर के प्रमुख मार्गो व चौक चौराहो में कुंज विहार कालोनी, कमला कालेज रोड, महामाया चौक, गंज चौक, दिग्विजय कालेज के पास, शीतला मंदिर, गुरू द्वारा रोड आदि क्षेत्रों से घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड के तहत 11 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है जिन्हे छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है। चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को नगर निगम के अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौपा जायेगा। निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी, जिसके तहत वह प्रथम अपराध की दशा में जुर्माने से 10 रूपये से कम नहीं होगा किन्तु जो 50 रूपये तक का हो सकेगा और द्वितीय या पश्चातवर्ती अपराध की दशा में जो पिछले अपराध किये जाने के 3 वर्ष की अवधि के भीतर किया जाता है, जुर्माने से जो 25 रूपये कम नहीं होगा जो 1 सौ रूपये तक का दण्ड या कारावास जिसकी अवधि 3 माह तक की हो सकेगी अथवा दोनों दण्डों से दण्डित किया जायेगा।

## पुलिस ने 497 पौवा शराब जब्त कर युवक को रिमांड पर भेजा जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 8 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 06.01.2025 को रात्रि 23:55 बजे मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर घटना स्थल मनीष मरकाम के घर के पास खंडहर राहुल नगर लखोली राजनांदगांव से आरोपी मनीष मरकाम पिता स्व0 प्रहलाद मरकाम उम्र 21 वर्ष साकिन राहुल नगर लखोली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) के कब्जे से 05 बोरियों रोमियां ब्रांड देशी शराब 300 पौवा एवं 03 बोरियों में 197 पौवा शोले ब्रांड देशी शराब कुल 497 पौवा मात्रा 89.460 बल्क लीटर किमती 44730 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। पूछताछ पर कोई वैध कागजात नहीं होना बताया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत पाये जाने से मौके पर जप्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 08/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया जाकर आज दिनांक 07.01.2025 को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होन पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आगे भी असमाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

### आयुक्त ने कहा बिना अनुमति लगे विज्ञापन बोर्ड स्वयं हटा लें अन्यथा होगी कार्रवाई

## जीई रोड एवं एवं अन्य जगह लगे 50 अवैध विज्ञापन बोर्ड निगम ने हटाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 8 जनवरी।** निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवाल, छत पर लगे होर्डिग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बेनर-पोस्टर, फ्लाई ओव्हर के पिल्हर में विज्ञापन बिना अनुमति के लगाया गया है, जिसे नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम की टीम हटाने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज जी.ई.रोड के विद्युत पोलो एवं अन्य जगह में लगे लगभग 50 पोस्टर व छोटे विज्ञापन बोर्ड निगम टीम ने हटाई। पूर्व के दिनों मे 200 से अधिक विज्ञापन बोर्ड हटाने की कार्यवाही किये थे। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवाल एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फ्लाई ओव्हर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है,जो कि छ0ग0 विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं छ0ग0 नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 248 एवं 434 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। इस संबंध में पूर्व में संबंधितों को नोटिस के माध्यम से सूचित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये थे। किन्तु कतिपय लोगों के द्वारा अवैध होर्डिग्स व बोर्ड नही हटाया गया। जिसे आज निगम की टीम ने कार्यवाही करते हुये जी.ई.रोड, पोस्ट आफिस चौक से आर.के.नगर चौक तक एवं निगम कार्यालय के सामने लगे लगभग 50 अवैध बोर्ड हटाया। इसी प्रकार पूर्व के दिनों में आम्बेडकर चौक से महामाया चौक, नंदई चौक तक एवं अन्य मार्गो से लगभग 200 छोटे बड़े विज्ञापन बोर्ड हटाया गया था, उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सर्वसंबंधित विज्ञापन एजेंसी व संस्थाओ से कहा कि विज्ञापन बोर्ड लगाने नगर निगम से नियमानुसार विधिवत अनुमति एवं स्वीकृति ले लेवे। उन्होंने सर्वसंबंधित विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों एवं संबंधित व्यक्तियों को सूचित करते हुये कहा है कि निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के लगाये गए होर्डिंग्स बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन स्वेच्छा से हटा लेवें अन्यथा भविष्य में बिना किसी पूर्व सूचना के निगम सीमाक्षेत्रातंर्गत बिना अनुमति लगाये गये होर्डिंग्स बोर्ड/बैनर पोस्टर के लिए अर्थदंड अधिरोपित करते हुए बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन बोर्ड निगम द्वारा हटा/जब्त कर लिया जावेगा एवं अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जावेंगी, जिससे उत्पन्न क्षति तथा संपूर्ण हर्जे खर्चे के लिए संबंधित एजेन्सी/संस्थान एवं व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## संपादकीय

# जब मौका मिलेगा तो वह नुकसान पहुंचाएंगे ही

जब सरकार की तरफ से नक्सलियों के खिलाफ निरंतर सफाए के लिए अभियान चलाया जा रहा है, नक्सलिओं को निरंतर नुकसान पहुंचाया जा रहा है तो स्वाभाविक है कि नक्सलियों को भी जब मौका मिलेगा वह नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे ही और नुकसान पहुंचाने में सफल भी हो जाएंगे। पुलिस व सुरक्षा बलों की तरफ से जरा सी चूक का नक्सली इंतजार करते रहते हैं, जैसे ही यह चूक होती है तो वह इसका फायदा उठाकर यह बताने का प्रयास करते हैं कि बस्तर में हम हैं और आज भी कहीं भी वारदात कर सकते हैं। बड़ी वारदात कर सकते हैं, सरकार की तरफ से बस्तर में कैंपों की संख्या बढ़ाने के बाद भी हम जवानों पर हमला कर सकते हैं, उनकी गाड़ी को आईईडी से उड़ा सकते हैं। ऐसे में पुलिस व सुरक्षा बलों के जवानों को पहले से ज्यादा सजग रहने की जरूरत है। नक्सली हमला ही न कर सकें, इसके लिए जरूरी है कि पुलिस व जवान जहां भी खतरे की आशंका हो वहां सजग रहें। खासकर जब किसी आपरेशन के बाद वह लौट रहे हों तो यह उनके दिमाग में रहना चाहिए हमने नक्सलियों को घेर कर मारा है तो वह भी बदले की कार्रवाई कभी भी कर सकते हैं, आज ही कर सकते हैं। वह भी हम पर बड़ा हमला कर सकते हैं।नारायणपुर में मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को ढेर करने के बाद जवान गाड़ियों में लौट रहे थे तो बीजापुर जिले में नक्सलियों ने पहले से लगाए गए बारूदी सुरंग में विस्फोट कर जवानों की एक गाडी को उड़ा दिया, इस घटना में आठ जवान शहीद हो गए। पिछले दो साल में यह नक्सलियों का सुरक्षा बलों पर पहला बड़ा हमला है। पिछले दो माह से लगातार यह सूचना मिल रही थी कि सुरक्षा बलों के दबाव से नक्सली नाराज हैं और कभी भी कहीं भी कोई बड़ी वारदात कर सकते हैं। दो साल पहले अरनपुर में भी ऐसी ही घटना हुई थी। उसके बाद यह दूसरी घटना है। इस बार नक्सलियों ने जिस जगह विस्फोट किया,वहां से सड़क के दाहिने तरफ 100 मीटर दूर तक पीओपी लगी हुई थी।विस्फोट के बाद नक्सली पहुंचते थे और जवानों के हथियार लूट कर ले जाते थे, इस बार नक्सली नहीं पहुंचे और जवानों के हथियार लूट कर नहीं ले जा सके।आंकड़ों के मुताबिक2009 से 2023 तक 9 बड़ी वारदातों में 232 जवानों की शहीद हुए हैं, 6 जनवरी की घटना को मिला दिया जाए तो 10 वारदातों में यह संख्या बढ़कर 240 हो जाती है।इसमें सबसे बड़ी घटना 6 अप्रैल 2010 को हुई थी जब नक्सलियों के हमले में 76 जवान शहीद हुए थे। नक्सलियों के बड़े हमले में अक्सर दो अंकों में जवान शहीद हुए है, पहली बार नक्सलियों ने बड़ा हमला किया लेकिन इस बार नुकसान तो हुआ लेकिन पहले की घटनाओं को देखे तो यह नुकसान कम लगता है। बड़ी वारदात में हमेशा नक्सलियों ने 10 से ज्यादा जवानों को मारा है। राज्य में जब से नक्सली समस्या पैदा हुई तब से यानी 24 साल में नक्सलियों ने 1197 विस्फोट कर 1313 जवानों को मारा है। उनके वारदात करने का ढंग एक जैसा है। नक्सली हमेशा सुरक्षा बलों की सुरक्षा में हुई चूक का फायदा उठाते तो ही वह बड़ी वारदात कर पाते हैं, पिछले दो साल से सुरक्षा बलों की सुरक्षा में कोई चूक नहीं हो रही थी तो नक्सली सुरक्षा बलों को कोई बड़ा हमला नहीं कर पा रहे थे, लेकिन मुठभेड़ के बाद लौटते हुए जवानों की सुरक्षा में चूक हुई। सुरक्षा बलों की सुरक्षा के लिए सड़क के दोनों तरफ आरओपी लगाई जाती है, इस बार एक तरफ लगाई गई थी। आरओपी सुरक्षा बलों के जवानों के आने के एक घंटे पहले लगाई गई थी और नक्सली सुबह ही पुलिया पर पहुंच गए थे और पहले से लगाई गई बारूदी सुरंग में विस्फोट की तैयारी कर ली थी।वह अपने मकसद में सफल रहे। ऐसा नहीं है कि सुरक्षा बलों की सुरक्षा करने वालों को मालूम नहीं है कि नक्सली जब भी कहीं पर बड़ी घटना को अंजाम देते हैं तो वह पहले से लगाई गई बारूदी सुरंग का इस्तेमाल ही करते आए हैं, जब मालूम है कि सुरक्षा बलों को पुलिया से गुजरना है तो सुरक्षा में लगी टीम ने रास्ते की हर पुलिया की जांच क्यों नहीं की। क्योंकि नक्सली पुलिया व सड़क में बारूदी सुरंग लगाकर ही बड़ी वारदात को अंजाम देते आए हैं। पूरी सड़क की जांच नहीं की जा सकती लेकिन पुलिया की जांच तो की जा सकती है कि कहीं इसमें नक्सलियों ने बारूदी सुरंग तो नहीं लगा रखी है। नक्सली जब भी सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाते हैं तो इसी तरह नुकसान पहुंचा पाते हैं, इसलिए ऐसी जगहों पर जहां नक्सली सुरक्षा बलों पर हमला कर सकते हैं, सुरक्षा बलों को भी अतिरिक्त सावधानी बरतना चाहिए। पुल व पुलिया पार करते वक्त जवानों को गाड़ी से पार नहीं करना चाहिए, एक एक जवान को पुल पैदल पार करना चाहिए। इस जरा सी सावधानी से जवानों की जान बच सकती है, ऐसा किया जाना चाहिए। शुक्र है कि इस बार संख्या में नक्सली ज्यादा नहीं थे नहीं तो यह घटना और बड़ी हो सकती थी क्योंकि नक्सली एक ही गाड़ी को उड़ा सके जबकि काफिले में 9 गाड़ियां थी, जिस गाड़ी को उड़ाया गया, उसके पीछे की गाड़ी को नुकसान पहुंचा लेकिन जवानों को कुछ नहीं हुआ। सरकार के नक्सली सफाए अभियान से नक्सली का प्रभाव बस्तर में कम हो रहा है, उनकी संख्या भी कम हो रही है। वह सुरक्षा बलों के सामने कमजोर पड़ रहे हैं। कैंपों के खुलने से गांवों में उनका प्रभाव कम हो गया है, आतंक कम हो गया है, इससे ग्रामीण भी अब उनका सहयोग पहले की तरह नहीं करते हैं, अपने आतंक व प्रभाव को बनाए रखने के लिए वह आए दिन बेकसूर ग्रामीणों की हत्या करते रहते हैं। उनके कमजोर व संख्या में कम होने का यह प्रमाण है कि वह दो साल तक सुरक्षा बलों पर कोई बड़ा हमला नहीं कर सके हैं तो इस वजह से सुरक्षा बलों के कैंप बहुत खुल गए हैं, वह कहीं एकत्र होते हैं तो उनकी सूचना सुरक्षा बलों तक पहुंच जाती है और सुरक्षा बल उन पर हमला कर देती है। सुरक्षा बलों की आक्रामकता के कारण नक्सली बैक फुट पर रहते हैं। सुरक्षा बलों की सुरक्षा में चूक न हो तो नक्सली सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचा हीं नहीं सकते क्योंकि वह संख्या में कम है और कैंपों पर हमला करने की हिम्मत नहीं कर पाते हैं।

सुनील कुमार महला

# विकास ही है लाल आतंक को खत्म करने का पुख्ता तरीका



'लाल आतंक' एक दंश है, एक नासूर है। सच तो यह है कि 'लाल आतंक' आज हमारे देश के लिए एक बड़ी चुनौती है। हाल ही में नक्सलियों के हमले में छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी(डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के 8 जवान शहीद हो गए। इस हमले में ड्राइवर की भी मौत हो गई।यह बहुत ही दुखद घटना है और नक्सलियों की यह बहुत ही कायराना हरकत है। नए साल पर नक्सलियों ने बड़ा खूनी खेल खेला। मीडिया के हवाले से खबरें आईं है कि पुलिस की एक टीम छत्तीसगढ़ के नारायणपुर से एक सर्च ऑपरेशन के बाद वापस लौट रही थी और इस दौरान एक पुलिस वाहन को नक्सलियों ने उड़ा दिया। कहना गलत नहीं होगा कि साल-2025 की शुरूआत में यह नक्सलियों का एक बड़ा हमला है। हमारे देश के केंद्रीय गृहमंत्री ने पिछले साल ही यह दावा किया था कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा, लेकिन इसी बीच नक्सलियों का यह बड़ा हमला होना दशार्ता है कि नक्सलवाद मुक्त भारत आज भी एक बड़ी व गंभीर चुनौती है। पाठकों को बताता चलूं कि नक्सलवाद की शुरूआत पश्चिम बंगाल के दार्जलिंग जिले के नक्सलबाड़ी गांव से हुई थी। जानकारी मिलती है कि किसानों के शोषण के विरोध में शुरू हुए एक आंदोलन ने ही नक्सलवाद की नींव डाली थी। कहना गलत नहीं होगा कि जमींदारों द्वारा छोटे किसानों पर किये जा रहे के अत्याचार/उत्पीड़न पर अंकुश लगाने के लिये भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के चारू मजूमदार, कानू सान्याल और कन्हाई चटर्जी जैसे कुछ नेता सामने आये थे और कुछ लोगों द्वारा गुरिल्ला युद्ध के जरिये राज्य को अस्थिर करने के लिये हिंसा का इस्तेमाल किया जाता है, इसे ही नक्सलवाद कहा जाता है। उल्लेखनीय है कि भारत में ज्यादातर नक्सलवाद माओवादी विचारधाराओं पर आधारित रहा है। यहां यह भी एक तथ्य है कि भारत में जहाँ वामपंथी आंदोलन पूर्व सोवियत संघ से प्रभावित था, वहीं आज का माओवाद पड़ौसी चीन से प्रभावित है। ये मौजूदा माओवाद हिंसा और ताकत के बल पर समानांतर सरकार बनाने का पक्षधर रहा है। इसके अलावा, अपने उद्देश्य के लिये ये किसी भी प्रकार की हिंसा को उचित मानते हैं। बहरहाल, यह विडंबना ही है कि आज नक्सलवाद ने देश के कई हिस्सों को अपनी जद में ले लिया है और नक्सली समय-समय पर हमले करके हमारे देश के सुरक्षा बलों, नेताओं , आमजन को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वर्ष 1967 से शुरू हुए नक्सलवाद ने अब तक कई हमले किए हैं, जिनमें अनेक लोग मारे जा चुके हैं। वास्तव में, नक्सलवाद का सबसे वीभत्स/खतरनाक रूप तब सामने आया था जब 1 अक्तूबर 2003 को नक्सलियों ने आंध्र प्रदेश के तत्कालीन सीएम चंद्रबाबू नायडू के एक काफिले पर हमला किया था और इसके बाद आंध्र सरकार ने राज्य में नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान छेड़ा था। जानकारी मिलती है कि इसी साल आंध्र प्रदेश में 246 नक्सलियों की मौत हुई थी। सच तो यह है कि नक्सलियों ने एक के बाद एक हमले करते हुए अब तक हमारे सुरक्षा बलों, पुलिस, नक्सल का विरोध करने वालों, नेताओं तक को अपना निशाना बनाया है। नक्सलियों का उभार किस कदर है इसका अंदाजा हम मात्र इस बात से ही लगा सकते हैं कि नक्सलवाद के कारण अकेले ओडिशा में वर्ष 2005 से लेकर वर्ष 2008 के बीच 700 लोगों की मौत हुई थी। पाठकों को बताता चलूं कि 12 जुलाई 2009 को राजनांदगांव के मानपुर थाना में नक्सली हमले में एक पुलिस अधीक्षक समेत 29 पुलिसकर्मी बलिदान हुए थे। इसी तरह, छह अप्रैल 2010 को बस्तर के ताड़मेटला में सीआरपीएफ के जवान सर्चिंग के लिए निकले थे, जहां नक्सलियों की बिछाई गई बारूदी सुरंग में हुए एक विस्फोट में 76 जवान शहीद हो गए थे। इतना ही नहीं, 29 जून 2010 को नारायणपुर जिले के धोड़ाई में सीआरपीएफ के 27 जवान, 19 अगस्त 2011 को बीजापुर में 11 सुरक्षा जवान, 13 मई 2012 को एनएमडीसी के प्लांट में सीएसआइएफ के छह जवान, 25 मई 2013 बस्तर के झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में 32 लोग, 24 अप्रैल 2017 को सुकमा जिले के चिंतागुफा के पास नक्सलियों के एंबुश में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 25 जवान,11 मार्च 2017 को सुकमा के भेज्जी इलाके में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट और फायरिंग में 12 सीआरपीएफ जवान,13 मार्च 2018 को सुकमा जिले के किस्टाराम क्षेत्र में आइइडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के 9 जवान,5 अप्रैल 2019 को कांकेर में बीएसएफ के 4 जवान,9 अप्रैल 2019 को दंतेवाड़ा में 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान से ठीक पहले नक्सलियों ने चुनाव प्रचार के लिए जा रहे एक नेता समेत चार सुरक्षा कर्मी,21 मार्च 2020 को मिनपा में 17 जवान,3 अप्रैल 2021 को बीजापुर जिले के टेकुलगुड़ेम में नक्सलियों के एक एंबुश में 23 जवान तथा 26 अप्रैल 2023 को अरनपुर में नक्सलियों की बिछाई गई आइइडी में हुए विस्फोट की चपेट में आने से 10 डीआरजी जवान शहीद हो गए थे। बहरहाल, यहां प्रश्न यह उठता है कि आखिर नक्सलवाद के कारण क्या हैं ? तो इस संबंध में नक्सलियों का यह कहना है कि वे उन आदिवासियों और गरीबों के लिये लड़ रहे हैं, जिनकी सरकार ने दशकों से अनदेखी की है। वे जमीन के अधिकार एवं संसाधनों के वितरण के संघर्ष में स्थानीय सरोकारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जानकारी मिलती है कि माओवादी प्रभावित अधिकतर वे इलाके हैं, जहां सड़कें, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

इन इलाकों में अधिकांशतया आदिवासी बहुल लोग रहते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि विभिन्न सार्वजनिक और निजी कंपनियों ने इन इलाकों में प्राकृतिक संपदा का जमकर दोहन किया है। इतना ही नहीं, विभिन्न आर्थिक कारणों से भी नक्सलवाद उभरा है। यह भी एक तथ्य है कि अशिक्षा और विभिन्न विकास कार्यों की उपेक्षा ने स्थानीय लोगों एवं नक्सलियों के बीच गठबंधन को मजबूत बनाया है। कहना गलत नहीं होगा कि सामाजिक विषमता ने भी संघर्ष को जन्म दिया है। सरकार द्वारा बनाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं के निर्माण एवं उनके क्रियान्वयन में गंभीरता, निष्ठा व पारदर्शिता का अभाव भी नक्सलवाद के एक कारण के रूप में उभरकर सामने आया है। ऐसा नहीं है कि सरकार ने नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रयास नहीं किए हैं। सच तो यह है कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए समय-समय पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने कई बड़े ऑपरेशन चलाए हैं और नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने के लिए भी कई अभियान चलाए गए हैं और अनेक पहलें की गई हैं। इस संबंध में ऑपरेशन ह्यसमाधानह्न भारत में नक्सली समस्या को हल करने के लिये गृह मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक पहल है।आज सर्वाधिक नक्सल प्रभावित 30 जिलों में जवाहर नवोदय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं और शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है। इतना ही नहीं, हिंसा का रास्ता छोड़कर समर्पण करने वाले नक्सलियों के लिये सरकार पुनर्वास की भी व्यवस्था करती है। कहना गलत नहीं होगा कि नक्सलवाद सामाजिक-आर्थिक कारणों से उपजा था। सरकार आज सामाजिक समानता के लिए ठोस और गंभीर प्रयास कर रही है। इतना ही नहीं, बेरोजगारी को भी लगातार दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। सबको शिक्षा, सबको स्वास्थ्य की व्यवस्थाएं की गई हैं।आर्थिक असमानता, भ्रष्टाचार आदि को दूर करने की दिशा में सशक्त प्रयास किए गए हैं और वर्तमान में भी किए जा रहे हैं। बुनियादी ढांचा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और इंफ्रास्ट्रक्चर(बिजली , पानी और सड़क) को लगातार मजबूत किया जा रहा है। संचार सुविधाओं(आदिवासी बहुल इलाकों में) पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने नक्सलवाद को देश की सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया था। यहां तक कि नक्सलियों से लड़ने के लिए छत्तीसगढ़ में वर्ष 1990 में राज्य सरकार ने नागरिकों को ही ट्रेनिंग देनी शुरू की थी, जिसे 'सलवा जुडूम' कहा गया। जानकारी मिलती है कि सरकार ने नागरिकों को हथियार तक मुहैया कराए। हालांकि, यह बात अलग है कि इसके लगातार विरोध और माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इसे खत्म कर दिया गया। अंत में, कहना गलत नहीं होगा कि नक्सलवाद की बड़ी वजह आर्थिक और सामाजिक विषमता रही है। यह विडंबना ही है कि आज विभिन्न सियासी दल नक्सलवाद को एक चुनावी तवे की तरह इस्तेमाल करते हैं और मौका मिलते ही इस पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने की कोशिशें करते हैं। ऐसे राजनीतिक दलों को यह चाहिए कि वे अपने स्वार्थ और लालच से बाहर निकल कर देश हित में काम करें।सच तो यह है कि नक्सलवाद की समस्या किसी व्यक्ति विशेष, सरकार विशेष की समस्या नहीं है, अपितु यह हमारे देश की एक सामूहिक समस्या है। इससे निजात पाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर आगे आना होगा और सरकार, प्रशासन के साथ मिलकर जागरूकता से काम करना होगा। विकास ही नक्सलवाद को खत्म कर सकता है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा। व्यापार करने वाले जातकों के लिए दिन अच्छा लाभ लेकर आएगा। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। आपके काम में यदि कुछ रुकावटें आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही हैं। परिवार में किसी सदस्य को नौकरी मिलने से घर से दूर जाना पड़ सकता है। आपको अपने पारिवारिक मामलों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आज कामों में आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं।

वृषभ- आज के दिन आपको किसी प्रकार के जोखिम को लेने से बचना होगा। पिताजी की सेहत की आपको चिंता हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिलने से कठिनाईयां आएंगी। आपको अपने खर्चों को लेकर टेंशन बनी रहेगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन उधार लेने से बचना होगा। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरी अवश्य करेंगे। आपको अपने बढ़ते खर्चों पर लगाम लगाने की आवश्यकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी अच्छी सोच से कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। काम को लेकर यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। आप अपने बिजनेस को विदेशों तक ले जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। नौकरी का आपको कोई ऑफर आ सकता है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको एक के बाद खुशखबरी सुनने को मिलेगी। वैवाहिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी।

कर्क- आज का दिन आपकी कार्यकुशलता को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अत्यधिक लाभ के चक्कर में छुटपुट लाभ पर ध्यान नहीं देंगे। यदि परिवार के सदस्यों में कोई वाद-विवाद चल रहा है, तो आप उसे मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। आप शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। किसी काम को लेकर आप अति उत्साहित होंगे, तो इससे आपके काम बिगड़ सकते हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको कार्यक्षेत्र में अपनी कार्य कुशलता से कोई नया पद मिल सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। बिजनेस में आप किसी के साथ पार्टनरशिप ना करें। आप अपनी भावनाओं पर काबू रखें, क्योंकि आप कोई गलत निर्णय ले सकते हैं। दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। सेहत में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। यदि आपका धन कहीं फंसा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए अप्रत्याशित लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको अपने कामों को पूरा करने में काफी मेहनत करनी होगी। किसी से आप आज अपने कामों को लेकर कोई सलाह ना लें। ऑनलाइन व्यापार कर रहे लोगों को कोई नुकसान हो सकता है। आप किसी नई प्रॉपर्टी की डील को फाइनल कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। माताजी की सेहत में कोई पेट संबंधित समस्या हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा।

तुला- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके मान सम्मान में वृद्धि होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, जो लोग सिंगल हैं, उनकी अपने साथी से मुलाकात हो सकती हैं। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। कुछ नए संपर्क से आपको जोड़ने का आपको मौका मिलेगा। बिजनेस में डूबा हुआ धन आपको मिल सकता है, जिससे आपको खुशी होगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आप अपने खर्चों को लेकर थोड़ा ध्यान दें। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कोई पुरस्कार से सम्मानित किया जा सकता है। जो लोग बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत हैं, उन्हें प्रमोशन मिल सकता है। आपको किसी से किए हुए वादे को पूरा करना होगा। नौकरी में आपको मन मुताबिक काम ना मिलने से थोड़ी टेंशन अवश्य रहेगी। कुछ विरोधी आपके कामों में विघ्न डालने की कोशिश करेंगे। संपत्ति को लेकर कोई लड़ाई-झगड़ा होने की संभावना है।

धनु- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने किसी करीबी से कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। संतान को किसी नई नौकरी का ऑफर आ सकता है। आप अपने जीवनसाथी के साथ मिल बैठकर कुछ पुरानी बातों को लेकर बातचीत करेंगे। आपको किसी मामले को धैर्य और साहस से निपटाने की आवश्यकता है, नहीं तो समस्याएं बढ़ सकती हैं। आपके मन में किसी बात को लेकर कलह बनी रहेगी। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको मन मुताबिक लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यदि आपने कार्यक्षेत्र में कोई परिवर्तन किया, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आपका पूजा-पाठ में खूब मन लगेगा। आपको किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई-लिखाई में कुछ ढील दे सकते हैं।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए अचानक लाभ दिलाने वाला रहेगा। जीवनसाथी से यदि आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी चल रही थी, वह भी दूर होगी और आप उन्हे कहीं घूमाने लेकर जा सकते हैं। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। किसी नए काम में आप अपने पिताजी की राय से आगे बढ़ें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप अपनी आय और व्यय में तालमेल बनकर चले, नहीं तो बाद में समस्या हो सकती है।

मीन- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है, जिसके बाद आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, क्योंकि आपका बिजनेस भी पहले से बेहतर रहेगा। आपको अकस्मात धन लाभ मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, लेकिन संतान की कोई पुरानी बीमारी उभर सकती है, जिस पर आपको लापरवाही बिल्कुल नहीं दिखानी है। कोई काम करने में यदि आपको समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है।

# सपनों की धरती पर लाठी का राज

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



उस दिन सूरज भी अपनी किरणों के साथ धरने पर बैठा था। उसका कहना था, इतनी बेईमानी देखना मेरे बस की बात नहीं। वहीं, धरने पर बैठे छात्र किताबें लेकर आए थे। किताबें, जो अब सिर्फ कागज के ढेर से ज्यादा कुछ नहीं थीं। उनमें लिखे सवाल हवा में तैर रहे थे, मानो पूछ रहे हों, क्या हमारी कोई अहमियत है? सरकार की तरफ से पहले तो चाय-पानी का इंतजाम आया, फिर पुलिस का। छात्र बैठे रहे, पुलिस खड़ी रही। कुछ देर बाद, पुलिस ने अपने लाठी-प्रणाम से छात्रों को सलामी दी। हर लाठी की चोट के साथ सरकार की नीयत का नोटिस छात्रों के शरीर पर लाल निशान बनाकर लिख दिया गया। लाठीचार्ज के बाद, अस्पतालों में छात्र भर्ती हुए। डॉक्टर भी कुछ निराश लग रहे थे। एक डॉक्टर ने कहा, भाई, सरकार को तो नौकरी देनी नहीं है, लेकिन मरीज खूब दे रही है।




सरकार के प्रवक्ता ने प्रेस कांफ्रेंस बुलाई। उन्होंने कहा, छात्रों ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। इसलिए हमने कार्रवाई की। एक पत्रकार ने पूछा, छात्रों का क्या नुकसान हुआ? प्रवक्ता बोले, वो तो उनकी पढ़ाई-लिखाई का ही नुकसान है। जब नौकरी नहीं है, तो पढ़ाई का क्या फायदा?

धरना खत्म नहीं हुआ था। खून के निशान मिटाने वाले बयान टीवी पर आते रहे। यह लाठीचार्ज छात्रों की भलाई के लिए था। अब वे धरने पर बैठने की बजाय नौकरी ढूंढने जाएंगे। धरना स्थल पर एक नई बहस शुरू हो गई। एक छात्र बोला, सरकार कहती है, पैसा नहीं है। लेकिन मंत्री जी की नई गाड़ी में पैसे का कोई अभाव नहीं दिखा। दूसरा छात्र हंसा और बोला, भाई, पैसा है, लेकिन हम पर खर्च करने के लिए नहीं। भ्रष्टाचार में इन्वेस्ट करने के लिए है। इधर, धरना स्थल पर कुछ बच्चे आ गए। उन्होंने पूछा, भाईया, आप लोग क्या कर रहे हो? छात्रों ने जवाब दिया, हम नौकरी मांग रहे हैं। बच्चों ने मासूमियत से कहा, तो पढ़ाई क्यों की? यह सुनकर छात्रों के चेहरे पर गहरी उदासी छा गई। सरकार के मंत्री जी ने अगले दिन एक बयान दिया, हमने छात्रों के भविष्य के लिए बड़े कदम उठाए हैं। उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी है। अब वे अपनी समस्याओं का समाधान खुद ढूंढेंगे। एक पत्रकार ने पूछा, और नौकरी? मंत्री जी मुस्कुराए और बोले, अरे भाई, देश के युवा अब स्टार्टअप्स पर ध्यान दें। नौकरी मांगने से ज्यादा नौकरी देने की सोचें। धरना जारी था। लाठीचार्ज के बाद भी। छात्रों का कहना था, हम पढ़ाई करके बैठे हैं, पर सरकार के कानों तक यह बात पहुंचाने के लिए हमें चिल्लाना पड़ेगा। कुछ दिन बाद, धरने पर बैठे छात्रों में से एक ने एक कविता लिखीः खून बहा, मगर वादे नहीं बने, सरकार ने फिर से सपने छीने। पढ़ाई की, मेहनत की रात-दिन, मगर हमारी बातें, सुनता कौन? धरने के पास से गुजरते लोग रुके। कुछ ने समर्थन दिया, तो कुछ ने कहा, इतने सालों तक पढ़ाई की, अब धरने पर बैठने का वक्त है? छात्रों ने जवाब दिया, पढ़ाई तो की, मगर नौकरी नहीं मिली। अब क्या करें? सरकार के पास पैसे थे, लेकिन छात्रों के भविष्य के लिए नहीं। छात्र सवाल पूछते रहे, जवाब मिलते रहे। और इस बीच, सूरज अपनी किरणों को समेटते हुए सोचने लगा, शायद कल की रोशनी इस अंधकार को मिटा सके। धरना समाप्त हुआ या नहीं, यह सवाल आज भी हवा में तैर रहा है। छात्रों के सपनों का भविष्य कौन लिखेगा, यह सवाल अब भी अनुत्तरित है। और सरकार? वह अपने अगले बजट में नई योजनाओं की घोषणा करने में व्यस्त है।

## स्वास्थ्य


# ह्यूमन मेटान्यूमोवायरसः फिर से चिंता में डूबी दुनिया



ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस, न्यूमोविरिडे परिवार का हिस्सा है, यह एक श्वसन वायरस है जो हल्की सर्दी से लेकर निमोनिया और ब्रोंकियोलाइटिस जैसे गंभीर फेफड़ों के संक्रमण तक की बीमारियों का कारण बनता है। हालाँकि फ्लू या रेस्पिरेटरी सिन्सिटियल वायरस की तुलना में कम पहचाना जाने वाला, ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में श्वसन सम्बंधी बीमारियों का एक महत्त्वपूर्ण कारण है, खासकर सर्दियों और वसंत के दौरान। यह वायरस विशेष रूप से कमजोर आबादी जैसे कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा करता है। यह वायरस उनके लिए बड़ी मुश्किलें पैदा कर सकता है, इसलिए जागरूकता बढ़ाना और निवारक कदम उठाना महत्त्वपूर्ण है। शिशु और छोटे बच्चे विशेष रूप से ब्रोंकियोलाइटिस और निमोनिया जैसी गंभीर श्वसन स्थितियों के प्रति संवेदनशील होते हैं।

बड़े वयस्क 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति, साथ ही अस्थमा या सीओपीडी जैसी पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों में जटिलताएँ होने की संभावना अधिक होती है। गर्भावस्था के दौरान एचएमपीवी के कारण श्वसन सम्बंधी समस्याएँ हो सकती हैं, जो माँ और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य को खतरे में डाल सकती हैं। जिन लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है, चाहे वे किसी चिकित्सा स्थिति या कीमोथेरेपी जैसे उपचार के कारण हों, उनमें गंभीर लक्षण होने का जोखिम अधिक होता है। चीन में एचएमपीवी के हाल ही में हुए प्रकोप ने इस वायरस की संभावित गंभीरता को उजागर किया है, खासकर कमजोर समूहों में। ज्यादातर संक्रमण 14 साल से कम उम्र के बच्चों में हुआ, जिनमें से कई मामलों में उनकी गंभीरता के कारण अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता पड़ी। लक्षणों में लगातार खांसी और बुखार से लेकर ब्रोंकियोलाइटिस और निमोनिया जैसी अधिक गंभीर स्थितियाँ शामिल हैं। अन्य श्वसन सम्बंधी बीमारियों से इसकी समानता निदान और उपचार को जटिल बनाती है।

इसके प्रसार को रोकने के लिए, चीन में स्वास्थ्य अधिकारियों ने हाथ धोने, मास्क पहनने और समय पर जाँच जैसे निवारक उपायों पर जोर दिया हैं। वयस्कों में एचएमपीवी के लक्षण अक्सर सामान्य सर्दी या फ्लू जैसे होते हैं। इनमें,लगातार खांसी, अक्सर बलगम उत्पादन शामिल हैं। नाक बंद होना या नाक बहना,



बुखार, आमतौर पर हल्का से मध्यम थकान और शरीर में सामान्य दर्द, गले में खराश, गंभीर मामलों में सांस लेने में तकलीफ शामिल हैं। बच्चों में गंभीर लक्षण होने की संभावना अधिक होती है. ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस अत्यधिक संक्रामक है और विभिन्न माध्यमों से फैलता है। वायरस तब फैल सकता है जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता, छींकता या बात करता है, जिससे श्वसन की बूंदें हवा में फैलती हैं। वायरस संक्रमित व्यक्ति के साथ शारीरिक संपर्क के माध्यम से फैल सकता है, खासकर अगर कोई उनके चेहरे, आंखों या मुंह को छूता है। वायरस सतहों पर बना रह सकता है और दूषित वस्तुओं जैसे कि दरवाजे की कुंडी या मोबाइल डिवाइस को छूने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। छोटे श्वसन कण हवा में निलंबित रह सकते हैं, खासकर भीड़भाड़ वाली या खराब हवादार जगहों पर।

ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के लक्षण अन्य श्वसन संक्रमणों से मिलते-जुलते हैं, जिससे सटीक निदान विशिष्ट प्रयोगशाला परीक्षणों पर निर्भर करता है। यह आणविक परीक्षण उच्च सटीकता के साथ वायरस की आनुवंशिक सामग्री का पता लगाता है और इसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के निदान के लिए स्वर्ण मानक माना जाता है। रैपिड एंटीजन टेस्ट जल्दी परिणाम देते हैं लेकिन पीसीआर टेस्ट की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। अधिकांश लोग बिना किसी जटिलता के लगभग 7 से 10 दिनों में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस से ठीक हो जाते हैं। हालाँकि, कुछ समूहों को गंभीर जटिलताओं का अधिक जोखिम होता है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस वायरल निमोनिया का कारण बन सकता है, जिसके गंभीर मामलों में अस्पताल में भर्ती होने और गहन देखभाल की आवश्यकता होती है। शिशुओं और छोटे बच्चों को अक्सर वायुमार्ग में सूजन और रुकावट का अनुभव होता है, जिससे सांस लेने में कठिनाई और घरघराहट होती है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस अस्थमा या क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज जैसी मौजूदा श्वसन स्थितियों को खराब कर सकता है। ये संक्रमण, जैसे कि बैक्टीरियल निमोनिया, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण जटिलताओं के रूप में विकसित हो सकते हैं। गर्भावस्था के दौरान ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के कारण होने वाली श्वसन सम्बंधी समस्याएँ मातृ और भ्रूण के स्वास्थ्य को जोखिम में डाल सकती हैं। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस में कोई विशिष्ट एंटीवायरल दवा नहीं है। उपचार का मुख्य उद्देश्य लक्षणों का प्रबंधन करना और जटिलताओं को रोकना है। ठीक होने और ताकत बनाए रखने के लिए आवश्यक है। एसिटामिनोफेन या इबुप्रोफेन जैसी दवाएँ बुखार और शरीर के दर्द को नियंत्रित कर सकती हैं। गंभीर मामलों में, पूरक ऑक्सीजन या मैकेनिकल वेंटिलेशन की आवश्यकता हो सकती है। निमोनिया जैसी जटिलताओं वाले रोगियों को अस्पताल में बारीकी से निगरानी की आवश्यकता हो सकती है। एचएमपीवी को रोकने के लिए, निवारक उपायों पर ध्यान देना महत्त्वपूर्ण है क्योंकि वर्तमान में कोई टीका उपलब्ध नहीं है। संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए, इन उपायों का पालन करें। अपने हाथों को कम से कम 20 सेकंड तक साबुन और पानी से धोएँ। जब साबुन और पानी उपलब्ध न हो तो अल्कोहल-आधारित हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करें। ऐसे व्यक्तियों से दूर रहें जिनमें श्वसन सम्बंधी बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं। प्रकोप के दौरान भीड़-भाड़ वाले इलाकों से बचें। नियमित रूप से उन सतहों को साफ करना सुनिश्चित करें जिन्हें अक्सर छुआ जाता है, जैसे कि दरवाजे के हैंडल, फोन और काउंटरटॉप। प्रकोप या फ़्लू के मौसम के दौरान मास्क पहनने से श्वसन बूंदों के संपर्क को कम करने में मदद मिल सकती है। यदि आपको कोई लक्षण है, तो वायरस के प्रसार को रोकने के लिए घर पर रहना महत्त्वपूर्ण है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरसऔर इसके संभावित प्रभाव के बारे में जागरूक होना शुरूआती पहचान और रोकथाम के लिए महत्त्वपूर्ण है।

एक नजर

## 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का पांच लाख तक का निःशुल्क उपचार

**कांकेर, 8 जनवरी ।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनांतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना लागू की गई है। इसके तहत जिले में सभी वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड का पंजीयन कार्य समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पतालों एवं समस्त च्वॉइस सेंटरों में किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों (एपीएल एवं बीपीएल दोनों श्रेणी) को 05 लाख रूपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा है। 70 वर्ष से अधिक आयु के हितग्राही जिनका पूर्व में आयुष्मान कार्ड बन चुका है, उन्हें भी दोबारा पंजीयन, ई-केवायसी करवाने की आवश्यकता है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजनांतर्गत पंजीयन, ई-केवायसी का कार्य समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, एम.सी.एच. पखांजूर, एम.सी.एच. अलबेलापारा कांकेर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में किया जा रहा है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड में पंजीयन करवाने हेतु आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर आवश्यक है।राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ से कांकेर जिला को आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजनांतर्गत पंजीयन हेतु कुल 29 हजार 623 लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें से अब तक कुल 1074 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन करवा चुके हैं। विकासखण्ड चारामा में 5178 में से 203 कार्ड, नरहरपुर में 5521 में से 219 कार्ड, कांकेर में 5972 में से 293, कोयलीबेड़ा में 5718 में से 184, भानुप्रतापपुर में 3363 में से 120 कार्ड, दुर्गूकोंदल में 1926 में से 30 एवं अंतागढ़ विकासखण्ड में 1702 में से 25 कार्ड का पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठ नागरिको से अपील की गई है ।

## आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर, 8 जनवरी ।** सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर द्वारा मृतक के परिजनों को 25-25 हजार रूपये तथा घायल को 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। दल्लीराजहरा तहसील जिला बालोद के ग्राम कुसुमकसा निवासी केशवराम की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती डिलेश्वरी को 25 हजार रूपये और राजनांदगांव जिला के डोंगरगांव निवासी देवेन्द्र कुमार कसेर की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनके पिता चंद्रिका प्रसाद कसेर को 25 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सड़क दुर्घटना में घायल होने पर आजाद नगर भानुप्रतापपुर के अंशु नेताम, हुकुमसिंह ठाकुर, राजा दुबे तथा बालोद जिला के झलमला निवासी मुकेश त्रिपाठी एवं राजनांदगांव के डांगरगांव निवासी हेमलता देवांगन को 10-10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**कांकेर, 8 जनवरी ।** समय-सीमा बैठक के उपरांत कलेक्टर श्री क्षीरसागर एवं एसपी श्री इंदिरा कल्याण एलेसेला ने आगामी 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने गणतंत्र दिवस के सफल एवं गरिमामयी आयोजन के लिए कार्य विभाजन करते हुए अधिकारियों को पृथक-पृथक् दायित्व सौंपने के निर्देश अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार को दिए। साथ ही सभी अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्व पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर डीएफओ श्री हेमचंद पहारे, जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर श्री बीएस उइके एवं श्री जितेन्द्र कुर्रे सहित सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी और विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## भारतीय वायु सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**सुकमा, 8 जनवरी।** जिला रोजगार एवं स्व-रोजगार मार्गदर्शन केंद्र सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय वायु सेना में अग्निवीर(वायु) की भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ के योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी इंडियन एयरफोर्स की वेबसाईट https://agnipathvayu.cdac.in में 7 जनवरी से 27 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिले के ऐसे सभी अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवार जो भारतीय वायु सेना में भर्ती होना चाहते हैं ।

# आयुष्मान वय वंदना योजना का लाभ दिलाने जिले के सभी पात्र हितग्राहियों का करें पंजीयन:कलेक्टर



**कांकेर, 8 जनवरी ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्हांने केन्द्र सरकार की आयुष्मान वय वंदना योजना का लाभ जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाने के लिए आवश्यक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के तहत 70 वर्ष पूर्ण कर चुके सभी एपीएल एवं बीपीएल दोनों श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रूपए तक का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। इसके लिए अभियानपूर्वक वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। बैठक में कलेक्टर ने पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों का उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं पूर्णता प्रमाण पत्र शीघ्रता से जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागवार एवं योजनावार लंबित प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के तहत किए गए कार्यों की पोर्टल में एन्ट्री के लिए तकनीकी एवं व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने के लिए परस्पर समन्वय स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही चयनित ग्रामों में सड़क निर्माण कार्य, पेयजल, आवास निर्माण आदि मूलभूत सुविधाएं समय-सीमा में मुहैया कराने के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी जनपद सीईओ को लगातार फॉलोअप लेते हुए स्वीकृत आवासों को जल्द से जल्द तैयार कराने पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर ने मनरेगा, सामाजिक अंकेक्षण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक शौचालय सहित पुल-पुलियों एवं सड़क निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता के साथ सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह जिले में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए धान के उठाव में तेजी लाने तथा आवश्यकतानुसार डीओ-टीओ जारी करने के लिए खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया।

# भटपल्ली को हराकर रालापल्ली ने किया खिताब पर कब्जा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भोपालपटनम, 8 जनवरी।** भोपाल पटनम नगर पंचायत के अंतर्गत ग्रीन पार्क क्रिकेट क्लब रालापल्ली के तत्वाधान में पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,14 दिनों तक चले इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया जिसमे फ़ाइनल मैच ग्राम भटपल्ली एवं रेड बैक रालापल्ली टीमों के मध्य खेला गया जहां रालापल्ली की टीम विजेता रही तो वहीं भटपल्ली की टीम उपविजेता रहीं, इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 30000 रुपए एवं ट्रॉफी स्वर्गीय श्री चिंताकिन्दी रामा रायडू के स्मृति में प्रदत्तकर्ता सह केतारप परिवार की ओर से दिया गया एवं द्वितीय पुरस्कार 15000 रुपए एवं ट्रॉफी प्रदत्तकर्ता नगर पंचायत पार्षद विजार खान के द्वारा दिया गया,इस पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश केताराप,पार्षद विजार खान,भाजपा मंडल सदस्य साई कृष्णा चेट्टी एवं काका सूर्यनारायण,शिव येलादी, काका गणपत,कोरम गणपत,सत्यम, शेख आशिफ,एटटी श्रीकृष्ण, यालम आनंद,कुडेम शंकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री ने मेरे कांधे पर रखा हाथ, बढ़ाया हौसला : मनोज

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सादगी से हितग्राही प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। स्टॉल अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री बेहद सादगी और शालीन तरीके से हितग्राहियों से मिलते हुए उनके रोजगार और आजीविका से संबंधित जानकारी बहुत ही सहज अंदाज से और छत्तीसगढ़ी में बात करते हुए ली। मुख्यमंत्री द्वारा समाज कल्याण विभाग के स्टॉल में 5 हितग्राहियों को मोटराईज्ड ट्रायसायकल की चाबी सौंपी गई। इस दौरान हितग्राही मनोज कुमार, रमेश कुमार कन्नौजे, बेहद भावुक दिखे। रमेश ने कहा कि यह मेरे लिए एक अविस्मरणीय क्षण था। मुख्यमंत्री के हाथों मुझे मोटराईज्ड ट्रायसायकल की चाबी मिली है। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री को मुझे बेहद नजदीक से देखने को मिला।

# माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं:पवन गुरु

## श्याम मंदिर मे शुरू हुयी दिव्य कथा,बाबा श्याम का हो रहा भव्य श्रृंगार

**पत्थलगांव, 8 जनवरी।** श्याम मंदिर परिसर मे तीन दिवसीय दिव्य श्याम कथा का आयोजन सोमवार की देर शाम से शुरू हो चुका है,कथा वाचन के लिए पवन गुरू का यहा आगमन सोमवार की दोपहर को हुआ। देर शाम श्याम मंदिर परिसर मे भक्तो की कतार लगनी शुरू हो गयी थी,दिव्य कथा का रसपान करने शहर के लोगो के अलावा लैलूंगा,लुडेग,कोतबा,तमता,सीतापुर से भी श्रोता यहा आये हुये थे। श्याम सेवा समिती ने आयोजन की काफी तैयारियां कर रखी थी। बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार मंदिर के पूजारी संदीप द्वारा किया गया था। कथा शुरू होने से पूर्व पवन गुरू से भगवान खाटू नरेश श्याम के दिव्य दर्शन के अलावा उनके अनेक चमत्कारो का चित्रण किया। उन्होने बताया कि खाटू श्याम का असली नाम बर्बरीक था और वह पांडव पुत्र भीम के पौत्र यानि घटोत्कच के पुत्र थे,भगवान श्रीकृष्ण के आशीर्वाद के बाद उन्हें खाटू श्याम नाम मिला और कलयुग में श्रीकृष्ण के रूप में ही उनका पूजन किया जाता है। कथावाचक पवन गुरू ने कहा कि माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। धर्म ग्रंथों में ईश्वर की सेवा का दर्जा दिया गया है,इसलिए माता-पिता की सेवा अवश्य करनी चाहिए,जिस प्रकार बर्बरीक ने अपने माता-पिता की सेवा करके श्रीकृष्ण के आदेशानुसार तपस्या करके तीन बाण प्राप्त किए और वे तीन बाणधारी कहलाए,इन तीन बाणों से वे हारने वाले को भी जिताने की क्षमता रखते हैं। यह सब उनकी मातृ-पितृ भक्ति भगवान कृष्ण की कृपा के कारण हुयी। श्री कृष्ण ने बर्बरीक की भक्ति से खुश होकर उन्हें वरदान दिया था कि वे कलयुग में श्याम के नाम से पूजे जाएंगे। दिन सोमवार को खाटू नरेश की दिव्य कथा को संपन्न कराने मे मंदिर के पूजारी संदीप महाराज,अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल,व्यवस्थापक सुशील अग्रवाल,सुनील अग्रवाल,सूरज अग्रवाल,मधु गोयल, प्रवीण गर्ग एवं अन्य समितीयों के सदस्यो का सहयोग रहा।।




तीन बाण का महत्व-:कथावाचक पवन गुरू ने बताया कि खाटू नरेश श्याम के तीन बाणो का रहस्य महाभारतकाल से जुडा हुआ है। तीन बाणो मे अदम्य शक्ति समाहित थी। उन तीन बाणो से पूरा महाभारत युद्ध एक बार मे ही समाप्त किया जा सकता था,तीन बाण का इस्तेमाल कर बर्बरीक कौरवों को युद्ध में हरा सकते थे। पहले बाण से शरीर पर मृत्यु चिह्न बन जाता था,दूसरे बाण से जिनके शरीर पर मृत्यु चिह्न बन जाते थे,उनका वध हो जाता था,तीसरे बाण से पूरी सृष्टि का विनाश हो जाता था।।

## जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासको ने संभाली कमान



**पत्थलगांव, 8 जनवरी।** नगर पंचायत के चुनाव करीब आने के वक्त अब जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद प्रशासको ने नगर पंचायत की कमान संभाल ली है। दिन सोमवार को नगर पंचायत मे नये प्रशासक के रूप मे यहा के तहसीलदार प्रांजल मिश्रा की नियुक्ति की गयी। इस दौरान पुलिस विभाग के अलावा अन्य विभागो के अधिकारी मौजुद थे। दरअसल नगरीय चुनाव को अब कुछ दिन ही शेष रह गये है। ऐसे मे चुनाव से पूर्व नगर पंचायत की सत्ता मे काबिज जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है,उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद नगर पंचायत की बागडोर संभालने के लिए राज्य शासन ने इस बार प्रशासको की नियुक्ति की है। यहा की नगर पंचायत मे भी तहसीलदार की प्रशासक के रूप मे नियुक्ति की गयी है,दिन मंगलवार को उनका कार्यकाल शुरू हो गया,उन्होने अपना पद ग्रहण करते ही नगर पंचायत के कार्यो की समीक्षा की। साथ ही उन्होने जनहित मे रूके कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये,इस दौरान नगर पंचायत के सी.एम.ओ जावेद खान एवं अन्य कर्मचारीगण भी मौजुद रहे।।

# कार्यशाला में साइबर फ्राड व बचाव की जानकारी दी

**सुकमा, 8 जनवरी।** जिले के पुलिस विभाग सुकमा, समर्पित सेवा संस्था सुकमा द्वारा ऑडिटोरियम हॉल, कुम्हाररास में ÷साइबर सिक्योरिटी÷ विषय पर एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल युग में बढ़ते साइबर खतरों के प्रति जागरूकता फैलाना और इससे बचाव के उपायों को सिखाना और इस पर पर चर्चा करना था। वर्कशॉप में विद्यार्थियों द्वारा बनाये साइबर जागरूकता चित्रकला का प्रदर्शन रखा गया जिसमे प्रतिभागयो को प्रमाणपत्र दिया गया कार्यक्रम में सुकमा जिले के प्रशासन अधिकारी, छात्र, शिक्षक और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अनु उपविभागीय पुलिस अधिकारी परमेश्वर तिलकवार उन्होने साइबर फ्रॉड और साइबर सुरक्षा के बारे में मार्गदर्शन किया वर्कशॉप का संचालन साइबर सुरक्षा के विशेषज्ञ तेजराम सारथी, ने किया, जिन्होंने साइबर अपराधों के विभिन्न पहलुओं, डेटा सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, और पासवर्ड सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे सुरक्षित ब्राउज़िंग, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण (Two-Factor Authentication) और नियमित सॉफ़्टवेयर अपडेट साइबर हमलों से बचने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने लाइव डेमो के जरिए फ़िशिंग अटैक, मालवेयर और अन्य साइबर खतरों की पहचान करने और उनसे बचने की रणनीतियाँ भी समझाईं।कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित विद्यार्थियोंने लोगों ने अपने सवाल पूछे और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। साइबर सिक्योरिटी वर्कशॉप का आयोजन पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक, इनके मार्गदर्शन में लिया गया अनु उपविभागीय पुलिस अधिकारी परमेश्वर तिलकवार जी ने कहा ÷हमारा उद्देश्य डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज को सुरक्षित डिजिटल माहौल प्रदान करना है। इस वर्कशॉप के माध्यम से हमने यह प्रयास किया कि लोग साइबर खतरों को समझें और उनसे बचने के लिए सतर्क रहें। तेजराम सारथी ने कहा साइबर सुरक्षा के लिए जरुरी है की हम साइबर अपराध के नए नए तरीको को पहचाने और उससे बचे। संस्था के सचिव डॉ. जगदिश झिरे ने कहा, सुकमा जिले में साइबर अपराध से बचाव के लिये जिले में विविध प्रकार के जनजागृति अभियान चलाये जा रहे है।वर्कशॉप में महेश रात्रे स्त्र्ह्यश्च, परमेश्वर तिलकवार, ह्यस्त्रश्चश, . शिवानंद तिवारी, थाना प्रभारी सुकमा, उपाध्याय, . कैलास जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता, अधिवक्ता हिमांशु कुंजाम, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती, भुवनेश्वरी यादव, अनिल टावरी, साइबर सुरक्षा सप्ताह के आयोजन में केंद्रीय विद्यालय, पोटा केबिन कुम्हाररास, कन्या परिसर सुकमा, एकलव्य स्कुल सुकमा, स्ह्ड्1 स्कुल सुकमा, आत्मानन्द स्कुल सुकमा, में साइबर सुरक्षा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था इस प्रतियोगिता में कु. मिमिषा सिंह ठाकुर, केंद्रीय विद्यालय सुकमा को प्रथम पारितोषित मिला कु. मनीषा करतामी, कन्या शिक्षा परिसर को द्वितीय पारितोषित मिला एव तृतीय पारितोषित कु. अनीता बघेल एकलव्य विद्यालय ने जीता प्रतियोगिता में प्रतियोगिता में 60 से अधिक विद्यार्थियों ने चित्र बनाये, इस प्रतियोगिता की निर्णायक कमिटी में श्री. मनीष रात्रे, छ्रस्क सुकमा, परमेश्वर तिलकवार, स्ह्र्क्ह सुकमा , शिवानंद तिवारी, थाना प्रभारी सुकमा, . उपाध्याय, कैलास जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता, अधिवक्ता हिमांशु कुंजाम, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती, भुवनेश्वरी यादव, अनिल टावरी शामिल थे।



वर्कशॉप के सफल आयोजन के लिए संस्था के सचिव,डॉ. जगदिश झिरे , संस्था के सदस्य राजेश नाग, अमृत नाग, प्रदीप सिन्हा, मुकेश यादव, पीरामल फाउंडेशन से गाँधी फेलो राणी, आर्या इन्होने श्रम लिया इस वर्कशॉप के सफल आयोजन के लिए समर्पित सेवा संस्था ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

## बिहान की दीदियों ने शुरू की नि:शुल्क अन्न सेवा योजना



**सुकमा, 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहान के अंतर्गत गांवों में विभिन्न सकारात्मक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इससे गांवों में निवासरत ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव और खुशहाली आ रही है। इसी क्रम में छिंदगढ़ विकासखंड के ग्राम गुडरा में वर्षा स्व-सहायता समूह (महिला संगठन) की दीदियों के द्वारा आसपास के ग्रामों की बेसहारा महिलाओं के लिये अन्न सेवा योजना की शुरूआत की गई है जिसके तहत समूह के सभी सदस्य बैठक में मुट्ठी चावल लेकर बैठक में आयेंगे। फिर लाए गए चावल को समूह के अध्यक्ष के पास इकट्ठा किया जाता है। समूहों के पास एकत्रित चावल को समूह के अध्यक्ष के द्वारा ग्राम संगठन की बैठक में प्रदान किया जाता है। बिहान की दीदियों के द्वारा किए गए इस संवेदनशील पहल से गांव के ग़रीब और जरूरतमंद परिवारों में खुशी और उम्मीद की किरण जागी है। ग्राम संगठन के पास ज्यादा मात्रा में चावल एकत्र हो जाने पर किसी जरूरतमंद बेसहारा दीदी को एकत्र चावल निःशुल्क अन्न सेवा के रूप में प्रदान किया जाता है। इससे उनकी आजीविका के लिए अन्न की सहायता प्राप्त हो जाती है। स्व-सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किए गए इन प्रयासों से कई लोगों का भला हो जाता है।

## मुख्यमंत्री आगमन को देखते तैयारियों का लिया जायजा



**सुकमा, 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव और जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने मंगलवार को मिनी स्टेडियम सुकमा में चल रहे मुख्यमंत्री आगमन की तैयारियों का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने 13 जनवरी को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन के लिए संबंधित अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने मुख्य मंच में आवश्यक व्यवस्था करने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को विशेष निर्देश दिये। जिला सीईओ श्रीमती जैन ने स्टॉल की व्यवस्था, मंच में साज सज्जा और एलईडी लगाने तथा लाइट एंड साउंड सिस्टम लगाने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय स्टाल के लिए बैनर और फ्लैक्स निर्धारित साईज और डिजाईन में तैयार करने कहा। उन्होंने आगमन स्थल में पानी की पर्याप्त व्यवस्था, चलित शौचालय की व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिएउल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के आगमन के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, आदिवासी विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग और पोस्ट ऑफिस-बैंक विभाग के द्वारा विभागीय स्टाल लगाए जाएंगे।

## जिला अस्पताल सुकमा में कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों का नि:शुल्क इलाज किया जाएगा



**सुकमा, 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**बस्तर चेम्बर आफ कामर्स के द्वारा सुकमा जिला अस्पताल में नि÷शुल्क मेडिकल कैंप के माध्यम से ईलाज किया जाएगा।पहली बार सुकमा में विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा कैंसर जैसे बड़ी बिमारियों का ईलाज किया जाएगा आपको बता दें सुषमा विंग की मुहिम से 11 जनवरी 25 को एक दिवसीय निशुल्क मेडिकल के द्वारा शनिवार 10 बजे से शाम 4 बजे तक ईलाज किया जाएगा रोगियों को पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 25 तक किया जाएगा। इन बिमारियों का निःशुल्क कैंप के माध्यम इलाज करेंगे। युटरस कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, कैंसर रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, ह्रदय रोग , त्वचा रोग, शिशु रोग, डेंटिस्ट, जनरल सर्जन, मधुमेह, हिमोग्लोबिन, मनोरोग,आदि।

**पंजीयन कराने के लिए इन से सम्पर्क कर सकते हैं।** हुकमीचंद टाटिया 9425260205, रोहित चांडक,9425260223, जसराज जैन 8889638101,वर्षा सोमानी,9617311900, इन सभी से आज 2 जनवरी 25 से 10 जनवरी 25 तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पंजीयन कर सकते हैं।

## आईडी प्लांट करने वाले 2 नक्सली गिरफ्तार



**सुकमा, 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना पोलमपल्ली क्षेत्रान्तर्गत आईईडी प्लांट करने वाले 2 नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार नक्सलियों से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि दोरनापाल-जगरगुण्डा मार्ग में सुरक्षा बलों को बड़ी क्षति पहुंचाने की नीयत से गोरगुण्डा-पोलमपल्ली के मध्य मार्ग में नक्सलियों द्वारा 2 जगहों पर 15-15 किलोग्राम का आईईडी प्लांट किया गया था, जिसे सुरक्षाबलों की सतर्कता एवं सूझ-बूझ से दोनों आईईडी को बरामद कर सुरक्षा के दृष्टि से मौके पर निष्क्रिय किया गया था, जिससे नक्सलियों के मंसूबे को पानी फेरा गया एवं अप्रिय बड़ी घटना घटित होने से बचा लिया गया था। उक्त घटना के संबंध में आरोपियों की तलाश के लिए 6 जनवरी को थाना पोलमपल्ली से 159 वाहिनी सीआरपीएफ, जिलाबल एवं कैम्प गोरगुण्डा से 226 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन/नक्सलियों की गिरफ्तारी हेतु रवाना हुई। अभियान के दौरान 2 नक्सलियों माड़वी लक्का (उपमपल्ली पंयायत मिलिशिया प्लाटून सदस्य) उपमपल्ली, डोडापारा थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा एवं माड़वी हांदा (दुलेड़ आरपीसी मिलिशिया सदस्य) ताड़मेटला गोंडेपारा थाना चिंतागुफा जिला सुकमा को पकड़ा गया। पकड़े गये आरोपी उपरोक्त आईईडी को सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से प्लांट करना बताये गया तथा आईईडी में प्रयुक्त होने वाले विस्फोटक सामाग्रियों को छुपाकर रखा, दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

## एक नजर

### शिक्षा से समाज में समानता एवं सदभावना का विस्तार:सरनजीत



**पत्थलगांव, 8 जनवरी।** शिक्षा समाज मे कूंजी की तरह काम करती है,शिक्षा से ही समाज मे समानता एवं सदभावना का विस्तार होता है। स्कूल की शुरूवात व्यवसाय के लिए नही शिक्षा का विस्तार करने के लिए की गयी थी,जिसके कारण इस क्षेत्र मे जोगपाल स्कूल का नाम सम्मान से लिया जाता है। यह बातें जोगपाल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सरनजीत सिंह भाटिया ने स्कूल का वार्षिक उत्सव के दौरान बच्चो के अभिभावक एवं अन्य अतिथीयों को संबोधित करते हुये कही। वे स्कूल के इतिहास एवं आय व्यय को भी सबके समक्ष साजा किये। दिन रविवार की देर शाम रायगढ रोड स्थित जोगपाल पब्लिक स्कूल मे मुख्य अतिथी के रूप मे रिटायर प्रिंसिपल आत्मानन्द स्कूल पाली डी.एस नेगी डॉक्टर,श्रीमती सीमा नेगी,जोगपाल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर शरनजीत सिंह भाटिया,जनपद उपाध्यक्ष कांसाबेल कुलवंत सिंह भाटिया,एडमिनिस्ट्रेटर मनजोत सिंह भाटिया,राजेश अग्रवाल,जितेन्द्र गुप्ता,सुरेन्द्र चेतवानी,दीपक अग्रवाल,मंजीत सिंह भाटिया, परमजीत सिंह भाटिया बच्चो के अभिभावक मुख्य रूप से उपस्थित थे। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों को बेच लगाकर उनका स्वागत किया और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया,स्कूल के बच्चो ने स्वागत गीत के अलावा एक से बढकर एक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी,जिससे कार्यक्रम में चार चांद लग गए। स्कूल के वार्षिक उत्सव में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी,जिसमें लोकनृत्य,देश भक्ति गीत, कविता, शिक्षाप्रद, नाटक आदि के माध्यम से उपस्थित मेहमानों तथा अभिभावकों का दिल जीत लिया गयी। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रिंसिपल डीएस नेगी रिटायर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उनका शैक्षणिक मार्गदर्शन किया,इस मौके पर स्कूल प्रिसिपल ने स्कूल की उपलब्धियों का जिक्र किया। वही डायरेक्टर शरणजीत सिंग भाटिया ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कुराश प्रतियोगिता में लीना ने जीता कांस्य पदक



**महासमुंद।** 2 से 6 जनवरी तक रायपुर के मायाराम सुरजन विद्यालय चौबे कॉलोनी में स्कूल नेशनल कुराश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें पूरे भारत से कुल 18 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें कुराश खेल में अंडर 14 ,17 ,19 के बालक-बालिकाओं ने अपने खेल का प्रदर्शन किया छत्तीसगढ़ राज्य से प्रतिनिधित्व करते हुए लीना पटेल ने अंडर 14 बालिका वर्ग ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को कांस्य पदक दिलाया। लीना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तूसदा के कक्षा नवमीं की छात्रा है। लीना के इस उपलब्धि के लिए जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज धीतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी मैडम सुश्री अंजलि बरमल, प्राचार्य महेंद्र सिंह मरकाम, स्कूल के समस्त शिक्षक गण पुष्प लता भार्गव, विजयलक्ष्मी साहू, भारती सिंह, दुर्गा नंदे, वंदना चंद्राकर, साहू सर, पटेल सर, चक्रधारी, व्यायाम शिक्षिका श्रीमती अंजू प्रजापति ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### कलेक्टर ने नगर निगम रायगढ़ के प्रशासक का कार्यभार ग्रहण किया

**रायगढ़, 8 जनवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने रायगढ़ नगर निगम के प्रशासक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय और उपायुक्त श्री सुतीक्षण यादव उपस्थित रहे। गौरतलब है कि रायगढ़ नगर निगम के महापौर और पार्षदों का कार्यकाल 5 जनवरी को समाप्त होने के बाद शासन ने रायगढ़ नगर निगम के प्रशासक का दायित्व कलेक्टर रायगढ़ को दिया गया है। प्रशासक की नियुक्ति से नगर निगम के प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से जारी रहेंगे।



# ग्रामीण अंचल के विकास को लेकर प्रतिबद्धता से कर रहे कार्य:ओपी चौधरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 8 जनवरी।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने पुसौर विकासखण्ड अंतर्गत बाघाडोला, नवापारा-अ एवं छपोरा में 70 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार गांव, गरीब, किसानों सहित सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। ग्रामीण अंचलों में जनसुविधाओं के विस्तार हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। अधोसंरचना विकास के कार्य तेजी से आगे बढ़ाएं जा रहे है।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि सरकार गठन के उपरांत 18 लाख आवास निर्माण को स्वीकृति दी गई। इन आवासों का निर्माण पूरी तेजी से करवाया जा रहा है। पीएम आवास योजना से गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है। महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। उन्हें प्रतिमाह एक-एक हजार रूपये राशि उनके खाते में भेजी जा रही है। जिससे महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि अपने घर-परिवार में भी निर्णय लेने में बराबरी का हक महसूस कर रही हैं। इसके साथ ही विभिन्न जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए कृषक उन्नति योजना के माध्यम से दो साल का बोनस दिया गया। इसी तरह किसानों से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के मान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। रामलला दर्शन योजना के माध्यम से बुजुर्गों को अयोध्या धाम के दर्शन कराए जा रहे है।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किए जाए। इसमें समय-सीमा का भी विशेष ध्यान रखें। हमारा उद्देश्य लोगों को जनोपयोगी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करें। इस दौरान श्री विजय अग्रवाल, श्री विलीस गुप्ता, श्री जैमिनी गुप्ता, श्री श्रीनाथ गुप्ता, श्री दिबेश सोलंकी, श्री अरूण कातोरे, श्री प्रवीण द्विवेदी, सरपंच नवापारा-अ श्री महादेव चौहान, सरपंच बाघाडोला श्रीमती सुमती लेकरू देहरी, तहसीलदार श्रीमती नेहा उपाध्याय, सीईओ श्री अभिषेक बनर्जी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

#### वित्त मंत्री श्री चौधरी ने इन कार्यों का किया लोकार्पण

वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने पुसौर विकासखण्ड के बाघाडोला, नावापारा-अ एवं छपोरा में 70 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें बाघाडोला में 25 लाख 40 हजार रुपये की लागत से 3 सीसी रोड निर्माण, 1 लाख 50 हजार रुपये की लागत से दर्री तालाब में पचरी निर्माण, 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन के पास शेड निर्माण शामिल है।

इसी तरह नावापारा-अ में 10 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण तथा छपोरा में 12 लाख 90 हजार रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण तथा 10 लाख 35 हजार रुपये की लागत से मुक्तिधाम सह प्रतिक्षालय निर्माण शामिल है।

# क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए हर मंगलवार लग रहा जनदर्शन



**रायगढ़, 8 जनवरी।** जिला प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं के निराकरण की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित हुआ। जनदर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए और उन्होंने अपनी समस्याएं एवं मांग से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे प्राथमिकता के आधार पर इनका समाधान सुनिश्चित करें। जनदर्शन में आज जनसामान्य ने भूमि और राजस्व से संबंधित विवाद, जमीन के दस्तावेज, नामांतरण, सीमांकन सहित सरकारी योजनाओं का लाभ जैसे पेंशन, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं से संबंधित आवेदन दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।चांदमारी रायगढ़ के मो.साबिर इलेक्ट्रीकल ट्राई सायकल की मांग हेतु आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि निःशक्तजन होने के कारण उन्हें कही भी आने-जाने में काफी दिक्कते होती है और हर समय किसी का सराहा लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रीकल ट्राई सायकल मिलने से वे बिना किसी अन्य के सहारे आना-जाना कर सकते है। इसी तरह वार्ड नं.3 मंगलूडीपा के चंदन शर्मा दिव्यांग राशि दिलाए जाने के संबंध में आए थे। उन्होंने कहा कि उनका पुत्र आयुष कुमार जो कि बचपन से ही दिव्यांग है, लेकिन आज पर्यन्त तक उन्हें किसी भी प्रकार की शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने अपने पुत्र के लिए दिव्यांगता राशि दिलाए जाने के संबंध में निवेदन किया। वार्ड नं 9 रियापारा के मोहल्लेवासी सामुदायिक भवन के पुनः निर्माण के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। मोहल्लेवासियों ने बताया कि यहां बने सामुदायिक भवन को स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिना जानकारी के हमर क्लीनिक बनाने हेतु तोड़ दिया था। सामुदायिक भवन के न होने से यहां के रहवासियों को कई छोटे-मोटे कार्यों के लिए परेशानी होती है। अवैध उत्खनन रूकवाने के संबंध में अमलीभौना के रहवासियों जनदर्शन में आए थे। उन्होंने बताया कि अमलीभौना वार्ड क्रमांक 42 में शासकीय व नजूल भूमि में अवैध रूप से मुरूम खनन किया जा रहा है तथा भूमि में हरे-भरे पेड़ों को भी काटा जा रहा है।शाला प्रबंधन एवं विकास समिति माध्य.शाला बर्रा के अध्यक्ष शिक्षक व्यवस्था के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि शा.मा.वि.बर्रा में शिक्षकों की कमी की वजह से वहां अध्ययन-अध्यापन का कार्य प्रभावित हो रहा है। जिसकी वजह से वहां के विद्यार्थी पढ़ाई के क्षेत्र में पीछे हो रहे है। ग्राम-चपले के करमचंद केवट प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए। तहसील घरघोड़ा के ग्राम-बिजारी निवासी दामोदर साहू जमीन का क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए। उन्होंने कहा कि एसईसीएल बरौद द्वारा उनके खेत में मिट्टी डंप किया गया है। जिससे खेती-किसानी में नुकसान हो रहा है।

### हेपेटाइटिस-बी और सी के लिए 817 कैदियों की स्क्रीनिंग की गई

**रायगढ़, 8 जनवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.बी.के चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी हाईरिस्क समूह के लोगों का हेपेटाइटिस-बी और सी का स्क्रीनिंग एवं उपचार प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिला जेल रायगढ़ के महिला एवं पुरुष कैदियों के लिए 4 दिवसीय शिविर लगाकर 515 कैदियों का हिपेटाइटिस बी एवं 302 कैदियों का हिपेटाइटिस सी स्क्रीनिंग किया गया। स्क्रीनिंग पश्चात पॉजीटिव पाये गए कैदियों का ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल अनुसार एलीजा टेस्ट कराकर उपचार की प्रक्रिया जारी है। जिनके अंतर्गत उनका वायरल लोड एवं दवा निःशुल्क प्रदान की जा रही है। जेल में जागरूकता लाने हेतु प्रति दिवस शिविर के दौरान ही उन्हें हेपेटाइटिस बी एवं सी के बारे में पूरी जानकारी, ईलाज व बचाव हेतु परामर्श दिया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कार्यक्रम के तहत सभी जेल एवं अन्य उच्च जोखिम समूहों के सदस्यों द्वारा विशेष कर सिंगल शेयरिंग ब्लेड रेजर का उपयोग, टैटू गोदने की प्रक्रिया से संक्रमण का फैलाव, गर्भवती माता से होने वाले बच्चों को संक्रमण की संभावनायें अन्य यौन आधारित जोखिम भरे व्यवहारों से संक्रमण के अवसरों के बारे में एनएसीपी-वी से जुड़े संस्थाओं को टेक्निकल मैनेजरियल सहयोग प्रदान किया गया।

# इंटर स्कूल टूर्नामेंट में जशपुरांचल की टीम ने जीता खिताब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 8 जनवरी।** यहां के हाईस्कूल मैदान में चल रहे इंटर स्कूल टूर्नामेंट का आज भव्य समापन हुआ। मुख्यअतिथी के रूप मे जी.सी.सी. के कप्तान राजेश अग्रवाल एवं जी.सी.सी के टीम मैनेजर अमर अग्रवाल(झब्बु) मौजुद थे। प्रतियोगिता का आयोजन जिला क्रिकेट एसोसियेशन द्वारा राज्य क्रिकेट एसोसियेशन के निर्देश पर किया जा रहा था,इस प्रतियोगिता मे पांच स्कूल की टीमो ने भाग लिया था,सभी टीम चार-चार मैच खेलकर अपना स्थान बनायी थी,जशपुरांचल की टीम ने अपनी प्रतिद्वंदी टीमो से लगातार चार मैच जीते थे,जिसके कारण वे फायनल मे अपनी जगह बना पाये थे। उसके मुकाबले सेजस पत्थलगांव की टीम तीन मैच जीतकर छः अंको के साथ फायनल मुकाबले मे पहुंची थी। दिन रविवार की दोपहर यहा के हाईस्कूल मैदान मे इंटर स्कूल टूर्नामेंट का फायनल मैच जशपुरांचल एवं सेजस के बीच खेला जा रहा था,जिसे देखने के लिए स्कूली बच्चो के अलावा गांव के नागरिक भी शामिल हुये थे। पहले बल्लेबाजी करते हुये जशपुरांचल की टीम ने 76 रन का स्कोर खडा किया था,सभी मैच डयूज बॉल से खिलाये जा रहे थे,इसलिए यहा के मैदान मे साफ-सफाई के अलावा चिकित्सा व्यवस्था भी रखी गयी थी। जशपुरांचल की टीम द्वारा बनाये गये स्कोर का पीछा करने मे सेजस पत्थलगांव की टीम काफी पीछे रह गयी। उसके मुकाबले सेजस पत्थलगांव की टीम इस स्कोर का पीछा करने मे काफी पीछे रह गयी। विजेता जशपुरांचल की टीम को मुख्य अतिथीयों के हाथ विनर कप दिया गया,जिसे पाकर खिलाडी बेहद उत्साहित नजर आये। जी.सी.सी के कप्तान राजेश अग्रवाल ने खिलाडीयों को संबोधित करते हुये कहा कि एक मैच से जीत हार तय नही की जा सकती,खिलाडी यदि और अधिक मेहनत करके मैदान मे उतरते है तो वे उपविजेता से विजेता बन सकते है,इस प्रतियोगिता मे पी.टी.आई अनिल श्रीवास्तव का विशेष योगदान था।

# सड़क पर तड़प रहा था युवक,नहीं की किसी ने मदद

## पुलिस अधिकारियों ने अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाकर बचाई युवक की जान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 8 जनवरी** पत्थलगांव एस.डी.ओ.पी डॉ धुर्वेश जायसवाल, थाना प्रभारी विनीत पांडे एव सहायक लोक अभियोजक सौरभ समैया जैन ने संवेदनशीलता और मानवता की मिसाल पेश की। रात को इंसानियत और दरियादिली का उदाहरण पेश करते हुए उन्होंने सड़क हादसे में घायल युवक की मदद कर उसकी जान बचा ली। उन्होंने घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचा दिया जहां समय पर ईलाज मिल जाने से युवक बच गया।बता दे की रविवार रात को रायगढ़ मार्ग में वाहन दुर्घटना में घायल एक युवक को सड़क पर पड़े तड़पता देख वे तुरंत अपनी गाड़ी रोककर मदद के लिए दौड़े। दरअसल घायल को एक अज्ञात वाहन दुर्घटना कर फरार हो गया था सड़क में घायल युवक की वजह से वहा जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी जाम में फंसे वाहन चालक घायल को तडपता देख के भी कोई मदद के लिए आगे नहीं आया वही एम्बुलेंस भी नहीं पहुंच रही थी घायल की स्थिति काफी नाजुक होते जा रही थी अधिकारियो ने मौके की गंभीरता को भांपते हुवे बुरी तरह घायल युवक को तुरंत अपनी ही गाड़ी से सिविल अस्पताल भी पहुंचाया। समय पर इलाज मिल जाने से युवक की जान बच गई। अस्पताल के डॉक्टर्स ने बताया कि युवक की हालत अब खतरे से बाहर है,इधर अधिकारियो की मानवीयता की परिजनों समेत सभी लोग सराहना कर रहे हैं।

**गुड सेमेरिटन योजना का प्रचार प्रसार जरुरी-** सड़क हादसा होने के बाद एक घंटे के अंदर मरीज को सही इलाज मिल जाए तो उसकी जान बचने की उम्मीद सबसे अधिक हो जाती है,इसलिए हादसे के बाद के पहले एक घंटे को गोल्डन आवर कहा जाता है। सड़क हादसों में घायलों की तत्काल मदद के उद्देश्य से आमजन को प्रेरित व प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार ने गुड सेमेरिटन योजना शुरू की है,लेकिन नेशनल हाईवे 43 सड़क किनारे बसे पत्थलगांव शहर में हो रहे रोजाना सड़क हादसे में आज भी लोग घायल को अस्पताल पहुंचाना तो दूर घायल की तरफ देखते तक नहीं है ताजा मामले में बीती रात सड़क पर घायल तडपता रहा,सड़क जाम लग गई ,वहा जाम में फंसे लोग प्रशासन को कोसते रहे लेकिन घायल को इलाज के लिए कोई आगे नहीं आया,पुलिस अधिकारियो ने जिस तत्परता के साथ घायल को समय पर इलाज मुहैया करवाया वह कार्य वहा आधे घंटे से खड़े मूकदर्शक नागरिक को कर देना था बता दे की गुड सेमेरिटन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार नहीं होने से राहगीर समेत नागरिको के मध्य यह योजना गति नहीं पकड़ पा रही है।।

### वीर शहीद जवानों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई



**बीजापुर,7 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर मंगलवार की संध्या को नव नियुक्त जिला भाजपा अध्यक्ष के.नेतृत्व मे जयस्तंभ चौक पर नक्सली विस्फोट मे शहीद हुए सभी जवानों की शहादत को याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी गई तथा मौन धारण कर उनका नमन किया गया इस मौके पर भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता काफी संख्या मे मौजूद रहे इनमे संजय लुंकड़ श्रीमती उर्मिला तोकल जिलाराम राना जागर लक्ष्मैया नंदकिशोर राना संजय गुप्ता फूलचंद गागडा गौतम राव अशोक राव श्रीमती रंजना उददे श्रीमती बसंती लिंगम श्री मती पूजा पोंदी अरविंद पुजारी सदाशिव जागर मिनेंद्र राव मुकेश राठी आदि शामिल रहे।

### साहू समाज के भवन लोकार्पण में शामिल हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा



**महासमुंद,8 जनवरी।** मंगलवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम कनेकेरा में साहू समाज के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने वरिष्ठ नेतागण, समाजजन व ग्रामीणजनों के साथ विधि विधान से पूजन करते हुए फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया।इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज राजिम भक्तिन माता की जयंती है। राजिम क्षेत्र के साथ पूरे प्रदेश में राजिम माता के त्याग की गाथा से सराबोर है। वे साहू समाज के लोगों के साथ-साथ पूरे प्रदेश के लोगों के लिए पूजनीय हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार शहरों के साथ-साथ गांव के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार निर्माण कार्यों के साथ अन्य विकास के कार्यों को प्राथमिकता से कर रही है। विगत पांच वर्षों में जो काम नहीं हुआ है, ऐसे कामों को भी पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश साहू, पवन पटेल, नीलम दीवान, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, जनपद सदस्य नीता तुलाराम साहू, ग्राम सरपंच नीलकंठ साहू, राधेलाल साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज, उपसरपंच गंगाबाई दीवान, पंच ललिता महानदिया, जानकी निषाद, हुमन साहू, रामेश्वर ध्रुव, जानकी दीवान, मावा निषाद, देवकी यादव, ईन्द्रा कोसरे, गंगा साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थें।

### एमएड छात्राध्यापकों ने किया डाइट का शैक्षिक अवलोकन



महासमुंद । शासकीय बी.एड कालेज रायपुर से एम.एड के छात्राध्यापकों ने संस्थान के डी.ए. प्रभारी डा. डी.के. बोदले के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद का एक दिवसीय महासमुंद भ्रमण के दौरान शैक्षिक अवलोकन करते हुये डाइट के विभिन्न गतिविधियों से परिचय प्राप्त किया । इस दौरान एम.एड कालेज रायपुर के छात्राध्यापकों का प्राचार्य श्रीमती मीना पाणिग्राही सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान, के. सिंग एवं संस्थान के साहित्यिक सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन के मार्गदर्शन में भव्य अभिनंदन किया गया ।

शासकीय शिक्षा महाविद्यालय (बी.एड) से पधारे सहायक प्राध्यापक डॉ. डी.के. बोदले ने डी.एड के छात्राध्यापकों को संबोधित करते हुये कहा कि शिक्षकीय जीवन सौभाग्य से प्राप्त होता है, उन्होंने कहा कि आप सभी राष्ट्र के भावी शिक्षक हैं । अतः शिक्षक के सभी गुणों को अर्जित करना होगा । डॉ. बोदले ने कहा कि शिक्षक पद पर पहुंचना आसान है लेकिन सही मायने में शिक्षक बनना कठिन है । प्राचार्य श्रीमती मीना पाणिग्राही, सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान ने कहा कि एम.एड के छात्राध्यापकों का डाइट में शैक्षिक अवलोकन हम सबके लिये सुनहरा अवसर है । इसका हमें लाभ उठाना चाहिये ।इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता उमा देवी शर्मा, राजेश चंद्राकर, संतोष साहू, कमलेश पांडेय, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे, तिलोतमा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वरचंद्राकर, झरना साहू ने सभी प्रभागों के अवलोकन में सहयोग प्रदान किया । विशेषकर कला शिक्षा एवं पुस्तकालय के प्रभारी संतोष साहू कार्य शिक्षा के प्रभारी उमा देवी शर्मा, तकनीकी शिक्षा प्रभारी, राजेश चन्द्राकर, ईश्वर चंद्राकर, विज्ञान प्रभारी दुर्गा सिन्हा के प्रभागों का अवलोकन करते हुये उन्होंने संतोष व्यक्त किया । इस दौरान संस्थान के सांस्कृतिक प्रभारी साहित्यकार टेकराम सेन ने सभी का शैक्षिक अंदाज में परिचय कराया उनके इस नवाचार से एम.एड के छात्राध्यापक अत्यंत प्रभावित हुये । इस दौरान बी.एड कालेज रायपुर से प्रमुख रुप से व्याख्याता श्री शेषशुभ वैष्णव, श्रीमती स्वाति गुप्ता, डॉ. स्वीटी चंद्राकर छात्राध्यापक संघ के अध्यक्ष स्मृति दुबे, तामेश्वर जांगड़े सहित छात्राध्यापक गण उपस्थित थे । कार्यक्रम की सफलता में सुनील साहू, सुषेण दीवान, आकांक्षा साहू, प्रदीप, राधा साहू, योगेन्द्र पाड़े, मीना साहू, गरिमा राजपूत, तरुण चंद्राकर, हीरामन अजय, उदित छात्राध्यापक जसवंत सिदार, अजय,लिखन, आरजू, बानो, मोनिका चंद्राकर, विनय नेताम सहित समस्त छात्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा ।

### नांदगांव में पालक मेघा बैठक आयोजित



**महासमुंद।** मंगलवार को शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में शासन के निदेर्शानुसार अर्धवार्षिक परीक्षा पश्चात तृतीय शिक्षक पालक मेघा बैठक आयोजित किया। बैठक में पालकों को उनके बच्चों की अकादमी एवं पाठ्योत्तर उपलब्धि से अवगत कराया गया तथा बच्चों की प्रगति के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं प्रधानमंत्री की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के संबंध में पालकों को जानकारी दी गई एवं पंजीयन भी कराया गया। इस बैठक में संस्था प्रमुख श्रीमती शीला चंद्राकर, शिक्षकगण कमलेश कुमार पटेल, अजय कुमार बंजारे, श्रीमती लक्ष्मी साहू, घनश्याम बंजारे तथा काफी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### शराब परिवहन करते युवक गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 8 जनवरी।** आपरेशन विश्वास के तहत पुलिस चौकी करहीबाजार द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वालो पर धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 06.01.2025 को पुलिस चौकी करहीबाजार द्वारा आरोपी रामकुमार अंजान को अनिमेश पावर प्लांट के सामने में मेंन रोड ग्राम केशला मे घेराबंदी कर अवैध रूप से देशी मशाला शराब परिवहन करते आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक नीला रंग के थैला के अंदर रखे 32 पाव देशी मशाला शराब कुल 5.760 बल्क लीटर, देशी मशाला शराब कीमती ?3520 एवं एक पुरानी इस्तेमाली मोटर साइकिल हीरो होण्डा क्र. छ्त्व04 छ्ह 1973 जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पुलिस चौकी करहीबाजार में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### यातायात नियमों के पालन के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया



**भाटापारा 8 जनवरी।** यातायात प्रबंधन व नशा उन्मूलन के उद्देश्य से कठपुतली विशेषज्ञ के माध्यम से जन जागरूकता अभियान मे कठपुतली के माध्यम से लोगो से नशा नही करने यातायात के नियमो का पालन कर हेलमेट लगाने का बहुत ही सुन्दर संदेश नृत्य व गीत के माध्यम से किया गया जय स्तंभ चौक मे आयोजित कार्यक्रम मे एसपी विजय अग्रवाल पहुंचे और नशा नही करने व यातायात के नियमो का पालन करने की बात कही व नशा नही करगें ना करने देंगें की शपथ दिलायी । शहर टी.आई. परिवेश तिवारी ने बताया जनता को जागरूक करने के लिए बिलासपुर से टीम बुलाकर मनोरंजन के माध्यम से कोशिश की गई इस अवसर पर यातायात टी.आई. हेमंत पटेल,व मीडिया के लोग मौजूद रहे।यह कार्यक्रम हाई स्कूल चौक,बस स्टेण्ड चौक मे आयोजित किया गया

### नवपदस्थ सीईओ को आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी



**छुरा 8 जनवरी।** जनपद पंचायत में नवपदस्थ सीईओ सतीश चंद्रवंशी को नववर्ष पर गुलदस्ता भेंटकर आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधि ने बधाई एवं शुभकामनाएं? दी। इस मौके पर छ.ग. सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर,आलाराम ठाकुर,छ.ग. सर्व आदिवासी समाज जिला सचिव शीतल ध्रुव,छ.ग.सर्व आदिवासी समाज जिला मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर,कृष्ण नागेश, रुपनाथ बंजारे,पोखन साहू,एडीशनल सीईओ रुपकुमार ध्रुव,विकास यदु,विकास सोनी,पंचायत इंस्पेक्टर कयाराम यादव सहित जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहकर नये सीईओ सतीश चन्द्र वंशी के नवपदस्थ होने पर स्वागत अभिनंदन के साथ नववर्ष के सभी ने बधाई दी।

### कचना ध्रुवा कॉलेज में त्रिदिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित



**छुरा 8 जनवरी।** नगर के निजी कचना धुरुवा महाविद्यालय में गत दिवस त्रिदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रबंध समिति एवं प्राचार्य डी.के.साहू की उपस्थिति में छत्तीषगढ़ मीडिया एसोसिएशन के रायपुर संभाग अध्यक्ष परमेश्वर राजपूत ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का तिलक दे ,वीसील बजाकर क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।क्रीड़ा प्रभारी तरुण निर्मलकर के दिशा निर्देशन में महिला एवं पुरुष वर्ग दौड़, कबड्डी, लंम्बी कूद, ब्वॉलीबाल, शतरंज, बैडमिंटन, व्यंजन,मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिताआयोजित किये। साथ ही महाविद्यालय के होनहार छात्र-छात्राये जोउत्कृष्ट खेल प्रतिभा,एवं कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर गोल्ड मैडल लेकर आये समस्त प्रतिभावान विद्यार्थियों का 10 जनवरी 2025 शुक्रवार को महाविद्यालय की उन्नीसवाँ वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथी विन्द्रनावगढ़ विधायक जनक राम ध्रुव के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम अधिकारी आर.आर.कुर्रे ने दिए।

# अर्थ, काम, धर्म, मोक्ष की कथा से देवी भागवत की महिमा बताई

- कथावाचक विष्णु अरोड़ा ने भक्तों से कहा कथा सुनने के कीमती समय में देवी भागवत की सीख को जीवन में अपनाएं।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 8 जनवरी।** भाटापारा में नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति भाटापारा द्वारा आयोजित श्रीमद देवी भागवत के द्वितीय दिवस पर कल्याण क्लब मैदान पर संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी के मुखार बृंद से देवी कथा की गंगा बही । जिसमे उन्होंने बताया कि देवी भागवत महापुराण में आखिर है क्या। देवी भागवत में 18 हजार श्लोक हैं इसमें आदमी के अज्ञान को मिटाने के लिए और ज्ञान का प्रकाश लाने के लिए यह देवी भागवत पुराण है । देवी भागवत के ज्ञान को जीवन में धारण करने का ग्रंथ है, जब तक ज्ञान की प्राप्ति नहीं होगी तब तक मुक्ति संभव नहीं है चाहे सैकड़ो जन्म हम ले ले । 18 पुराणों में सबसे सर्वोत्तम देवी भागवत को माना गया है क्योंकि यह ग्रंथ जीवन में हमें चार चीज़ प्रदान करता है, जिससे चतुष् पदार्थ कहते हैं अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष को प्रदान करता है और जब हम चारों को लेंगे तो हमारा लोक भी सुधर जाएगा और परलोक भी। देवी भागवत से हमारा लोक भी सुधरेगा और परलोक भी सुधरेगा। सबसे बड़ी विशेषता इसकी यह है की श्रीमद् भागवत तो बहुत बार सुनी होगी लेकिन उसमें जो महात्म की कथा है वह एक या दो कथा है लेकिन देवी भागवत में चार-चार कथाएं महात्म की है। कथावाचक विष्णु अरोड़ा जी ने महत्तम की कथाओ में जामवंतीन और भगवान के विवाह एवं देवी भागवत की कथा सुनने की कथा, वसुदेव का देवी भागवत सुनने की कथा सुनाई और उसका कथा का निचोड़ कथा वाचक बाल संत योगी विष्णु अरोड़ा जी ने बताया और कथा सुनने वाले भक्तों से निवेदन किया कि जो कीमती समय लेकर आप कथा सुनने के लिए आते हैं तो सिर्फ कथा सुनने के लिए नहीं अपने जीवन में इसे अपनाने की भी कोशिश करें। सियांतक मणि, रेवती नक्षत्र की कथा सुनाते हुए अर्थ, काम, मोक्ष, धर्म से सम्बंधित कथा बताई । सभी कथाओ का सार बताते हुए कथाओ से जुड़ी भ्रांतियों एवं शंकाओ का निवारण किया । अंतिम में देवी आरती एवं प्रसादी हुआ ।

# प्रेस क्लब भखारा ने पत्रकार मुकेश चंद्राकर को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की

- महामहिम राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा 8 जनवरी।** बस्तर जिले के बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या के विरोध में प्रदेशभर के पत्रकारों में जमकर आक्रोश व्याप्त है। इसी कड़ी में सोमवार को प्रेस क्लब भखारा ने नगर स्तिथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा की चबूतरा में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की तैलचित्र में श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते हुए उनकी हत्या को अंजाम देने वाले आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग किया।

इस अवसर पर भखारा प्रेस क्लब अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने कहा कि बीते दिनों बस्तर के बीजापुर में एक जागरूक व निर्भीक पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्याकर एक घिनौना कृत्य किया है। बस्तर की आवाज उठाकर मुकेश निरंतर शासन प्रशासन को आइना दिखाने का कार्य कर रहे थे। उनकी हत्या कर पत्रकारिता की आवाज को दबाने का प्रयास किया है। उन्होंने मुकेश की हत्या पर गहरा दुःख प्रकट किया और कहा कि पत्रकारों को इन घटनाओं से भयभीत होने की ज़रूरत नहीं है।प्रदेश में एक मुकेश को मिटाने की साज़िश की गई।जबकि इस घटना के बाद सैकड़ों मुकेश पैदा होंगे।अपराधी माफिया कितने मुकेश की हत्या करेंगे अब हर शहर में मुकेश जैसा पत्रकार पैदा होंगे।पत्रकारों की सबसे बड़ी ताकत उनकी कलम है और हर हाल मे हमें लिखना होगा।

प्रेस क्लब भखारा ने मुकेश चंद्राकर के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग करते हुए हत्यारे की सम्पत्ति को जब्त कर उसे सरकारी सम्पत्ति घोषित करने की मांग की।साथ में प्रेस क्लब भखारा ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जिसमें पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी साथ में प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की है। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में प्रेस क्लब भखारा के संरक्षक मोहम्मद रशीद,उपाध्यक्ष राजेश रात्रे,सचिव युगल किशोर साहू,कोषाध्यक्ष खिलेश साहू,सहसचिव सूरज सिन्हा,सदस्य नितेश मानिकपुरी,प्रीतम टंडन,दिग्विजय साहू,मेहत्तर राम साहू उपस्थित थे।

### ठगी करने वाला गिरफ्तार

बलौदाबाजार 8 जनवरी। प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वर्ष 2023 में वह ऑफिसर ट्रेनिंग कोर्स हेतु हैदराबाद गई थी, जहां पर उसकी जान पहचान आरोपी राकेश देवांगन से हुई। उसी समय छत्तीसगढ़ प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड रायपुर द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर का विज्ञापन निकला था, जिसमें आरोपी द्वारा प्रार्थिया की नौकरी लगवा देने की बात किया गया तथा इसके एवज में ?2,50,000 की मांग किया गया, जिसमें प्रार्थिया द्वारा दिनांक 02.06.2023, 03.06.2023, 29.01.2024 एवं 22.02.2024 को अलग-अलग किस्तों में फोन-पे एवं बैंक अकाउंट में जमा आदि के माध्यम से कुल ?2,45,000 आरोपी राकेश देवांगन को दिया गया, किंतु प्रार्थिया की नौकरी नहीं लगी। प्रार्थिया द्वारा आरोपी से रुपया वापस मांगने पर आरोपी द्वारा रुपया वापस नहीं दिया जा रहा है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 13/2025 धारा 420 भादवि, 66ष्ठ आईटी एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी राकेश देवांगन को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थिया से अलग-अलग किस्तों में ?2,45,000 रकम लेना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 07.01.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



# स्पोर्टस स्टेडियम में होगा गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह

- सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभागीय झांकी प्रदर्शन होगा आकर्षण का केंद्र
- गरिमापूर्ण आयोजन के लिए अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,8 जनवरी।** गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2025 को जिले में अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया जायेगा। जिला स्तरीय समारोह जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर श्री दीपक सोनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समारोह के गरिमापूर्ण आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। अफसरों को अलग-अलग कामों के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई।

मौसम एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैठक सहित अन्य तमाम व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस में स्कूली एवं कालेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विभागों द्वारा फ्लैगशिप योजनाओं पर आकर्षक झांकियों का भी प्रदर्शन होगा। इसके लिए सभी सम्बंधित अधिकारियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह सवेरे 9 बजे स्पोर्टस स्टेडियम में शुरू होगा। मुख्य अतिथि यहां ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इसके पहले सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण हो जाएगा।जिला स्तरीय कार्यक्रम का अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को सुबह 9 बजे स्टेडियम मैदान में होगा। समारोह स्थल की साफ-सफाई,बैरिकेडिंग,शामियाना, मंच एवं माईक,पानी व्यवस्था, बैठक व्यवस्था,शांति एवं यातायात व्यवस्था, मार्च पास्ट परेड,चिकित्सा व्यवस्था आदि के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। शासकीय सेवा में अपने दायित्व का बेहतर निर्वहन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा मंच से सम्मानित किया जायेगा। कार्यालय प्रमुखों से इसके लिए नाम और कार्य का संक्षिप्त विवरण शीघ्र ही मंगाये गये हैं।

### ऋण वसूली शिविर 10 से 28 जनवरी तक

**धमतरी 8 जनवरी।** जिला अंत्सयावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित ऋणि हितग्राहियों से ऋण वसूली करने एवं अंत्योदय स्वरोजगार योजना में अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदकों से स्वरोजगार हेतु ऋण प्रकरण तैयार करने के लिए जिले के चारों विकासखण्डों में 10 से 28 जनवरी तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि 10 जनवरी को सुबह 11 से शाम चार बजे तक नगरी विकासखण्ड स्थित अंत्यावसायी प्रशिक्षण केन्द्र, कृषि उपज मंडी के सामने नगरी में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। कार्यपालन अधिकारी ने अपील की है कि उक्त शिविरों में ऋणी हितग्राही ऋण की किस्त राशि जमा कर रसीद प्राप्त करें एवं दाण्डिक बज से बचने के लिए ऋण की सम्पूर्ण राशि समय पर अदा करें।

**सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल : धमतरी 8 जनवरी।** सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल के तहत 8 जनवरी को स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी के एकलव्य खेल परिसर में दोपहर 3 बजे स्वामित्व कार्ड, आबादी के अधिकार अभिलेख वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# हादसे रोकने के लिए नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 8 जनवरी।** जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु ÷ऑपरेशन विश्वास÷ के तहत यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा बलौदाबाजार, सिमगा, कसडोल एवं भाटापारा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 22 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन सभी 22 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें आज दिनांक 06.01.2025 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 19 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक ?10,000-10,000 तथा 03 प्रकरण मे वाहन चालकों को ?15,000-15,000 अर्थदंड का आदेश दिया गया है। इस प्रकार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 22 वाहन चालकों को कुल ?2,35,000 (दो लाख पैंतीस हजार रूपये) का अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

### 5 करोड़ की लागत से बनेगी भक्तिन माता राजिम की विशालकाय कांस्य प्रतिमा

**छुरा 8 जनवरी।** राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह में पहुँचे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने साहू समाज को बड़ी सौगात दी है। धर्मनगरी राजिम में संगम तट पर राजिम भक्तिन माता की प्रतिमा स्थापना के लिए उन्होंने 5 करोड़ रूपये की बड़ी धनराशि स्वीकृति की घोषणा की। छग प्रदेश साहू संघ एवं साहू समाज के स्थानीय संगठन के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसकी मांग के लिए स्थानीय विधायक रोहित साहू लगातार प्रयासरत रहे एवं मुख्यमंत्री के आगमन पर विधायक व साहू समाज के प्रदेशअध्यक्ष टहल सिंह साहू ने समाज की मंशा से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जिसके प्रतिफल स्वरूप 5 करोड़ रूपये की सौगात साहू समाज को मिली है। इस घोषणा के लिए राजिम के विधायक रोहित साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज का दिन राजिम तथा प्रदेश के साहू समाज के लिए उपलब्धियों से भरा है। प्रदेश के साहू समाज के लाखों सामाजिक बंधुओं की मंशा को फलीभूत करने का कार्य आज प्रदेश के मुख्यमंत्री ने किया है। आज हम सबके लिए सपने को साकार होने जैसा है। आज राजिम नगर एवं माता राजिम की गरिमा के अनुरूप यह घोषणा हुई है। आज राजिम की गरिमा पुनः प्रतिष्ठित हुई है। चूंकि राजिम साहू समाज का प्रदेश मुख्यालय भी है जिसको मद्देनजर रखते हुए उसकी गरिमा के अनुरूप यह घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री के इस घोषणा से साहू समाज में अत्यंत हर्ष का माहौल व्याप्त है।

# ग्राम पंचायतों से काम के अभाव में श्रमिकों का न हो पलायनः कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 जनवरी।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे समय-सीमा की बैठक मे विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा के तहत पंचायतों मे अधिक से अधिक कार्य स्वीकृत करने और काम के अभाव मे श्रमिकों का पलायन न हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा कार्य की जानकारी के लिए पंचायतों मे मुनादी और वाल राइटिंग कराएं। ।इसके साथ ही पंचायतों मे मुसाफिर पंजी भी संधारित कराएं और बाहर से आने वाले व्यक्तियों की जानकारी दर्ज कराएं। वर्तमान मे मनरेगा अंतर्गत जिले मे 20 हजार श्रमिक पंचायतों मे विभिन्न कार्यो मे नियोजित हैं। उन्होंने आरबीसी 6-4 एवं ओला वृष्टि के प्रकरण मे जिला कार्यालय से राशि आवंटन प्राप्त होने के तत्काल बाद सम्बंधित को राशि भुगतान के निर्देश तहसीलदारों को दिए। इसीतरह स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को लक्ष्य निर्धारित कर तहसील मे आवेदन एवं आवश्यक दास्तांवेज प्रस्तुत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी2 -3 महीनों मे जिले कलेक्टर ने अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विभागों मे लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होने सभी अधिकारी कर्मचारियों को समय पर कार्यालय मे उपस्थित होने तथा बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं रहने के भी निर्देश दिए। बैठक मे राज्य एवं केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक मे सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, सुश्री दीप्ती गौते, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक/बी-121/2024/25
ग्राम भर्राकुण्डा प.ह.नं 17

एतद् द्वारा ग्राम भर्राकुण्डा के आम जनता सूचित किया गया है की आवेदक श्रवण कुमार आ. दादूराम जाति तेली निवासी भर्राकुण्डा तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम भर्राकुण्डा प.ह.नं. 17 तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने भतीजा देवकांत साहू आ. प्रेमलाल का जन्म / मृत्यु दिनांक 21/11/2007 को होने के फलस्वरूप सचिव, ग्राम पंचायत करही के पंजी में दर्ज कराने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 17/01/2025 समय प्रातः 11:00 बजे तहसील कार्यालय में अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया

मुहर
कार्यपालक दण्डाधिकारी
मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालक दण्डाधिकारी मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक/बी-121/2024/25
ग्राम करही प.ह.नं 17

एतद् द्वारा ग्राम करही के आम जनता को सूचित किया गया है कि आवेदक दीपक मिश्रा आ स्वर्गीय रमेश चंद मिश्रा जाति ब्राह्मण निवासी करही तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम करही पटवारी हल्का नंबर 17 निवासी अपने पुत्री निधि मिश्रा आ दीपक मिश्रा का जन्म दिनांक 25/2/1997 को होने के फल स्वरुप नगर पालिका /सचिव ग्राम पंचायत करही के पंजी में दर्ज कराने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 08/01/2025 समय प्रातः 11:00 बजे तहसील कार्यालय में अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/12/204 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया

मुहर
कार्यपालक दण्डाधिकारी
मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 20241209210002/अ/6- वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक शिवकुमार पिता स्व. मनबहल साहू जाति तेली उम्र 62 वर्ष निवासी बुधवारी पारा वार्ड नं. 16 डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के परिवार के सदस्य घनश्याम, एन. बाई रामस्यरूप, अम्बिकाचरण, लेखराज, शिवकुमार, त्रिलोकचंद, सुशीला वाई, चंदन बाई, भानु बाई, विशाखा बाई, सहोद्रा बाई के शामिलात नाम से नजूल शहर बुधवारी पारा शीट क्र. 6 भूखण्ड क्र. 1811/21 क्षेत्रफल 4000 वर्गफीट भूमि स्थित है। भूमिस्वामी में स्व एन. बाई का दिनांक 14/01/2022 को स्व. रामस्वरूप का दिनांक 14/07/2014 को, अंबिकाचरण का दिनांक 23/07/2018 को एवं सुशीला बाई का दिनांक 12/11/2018 को स्वर्गवास हो गया है। स्व. सुशीला के मृत्यु उपरांत उनके उत्तराधिकारी राजेश, त्रिवेणी, संध्या, चित्ररेखा है। स्व. रामस्वरूप के मृत्यु उपरांत उनके उत्तराधिकारी हेमलता, भाग्य लक्ष्मी, स्व. अंबिकाचरण के मृत्यु उपरांत उनके उत्तराधिकारी गिरेन्द्र, दुर्गेश, टेकेश्वरी है जिनका नाम फौती उपरांत दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 24/01/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/12/2024को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202501092200011**

विषय - अ-19(3) मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2024-2025
बछेराभाठा प.ह.न. 00026 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- मुनिया बाई,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका मुनिया बाई पति रामप्रसाद निवासी ग्राम बोरला तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका के पुत्री साक्षी मंडावी पिता रामप्रसाद मंडावी का जन्म दिनांक 28.04.2014 को ग्राम बछेराभाठा में हुआ है। अतः आवेदिका मुनिया बाई पति रामप्रसाद निवासी ग्राम बोरला तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़ छुईखदान- गण्डई द्वारा अपने पुत्री साक्षी मंडावी पिता रामप्रसाद मंडावी का जन्म प्रमाण- पत्र प्रदाय किये जाने हेतू निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20.01.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202211090100009/A-19(3)**

विषय - अ-19(3) मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2022-2023
कौहापानी प.ह.न. 00027 [ 31( 0.4290 हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- भारत संचार निगम लिमिटेड रायपुर ( बीएसएनएल ),
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक 1218 दिनांक 11.11.2022 द्वारा पूर्व पत्र दिनांक 22.09.2022 के तारतम्य में तहसील डोंगरगढ़ अंतर्गत ग्राम कोहापानी (स.क्र.-471) में नये मोबाईल टावर्स का निर्माण किये जाने हेतु चयनित भूमि खसरा नं. 31 रकबा 0.429 हे. में से 200 वर्गमीटर ( 10 मीटरX20 मीटर ) अर्थात लगभग 2000 वर्गफुट भूमि भारत संचार निगम लिमिटेड रायपुर (बीएसएनएल) को आबंटित किये जाने का लेख किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 13.01.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़

## एक नजर

### सारथी दिवस में वाहन चालकों का सम्मान

**रायपुर 8 जनवरी।** अंतर्विभागीय लीड एजेंसी(सडक सुरक्षा) छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह में दिनांक 24.01.2025 को ''सारथी सम्मान'' कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में ऐसे वाहन चालक जिनका व्यवहार/ आचरण उत्तम हो, यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान न हुआ हो, जिनसे सडक दुर्घटना न हुई हो, वाहन चलाते समय नशा न करते हो, वाहनों का बेहत्तर रखरखाव करते हो, सडक दुर्घटना में घायलों की मदद की हो एवं यातायात नियमों की बेहत्तर जानकारी हो, का सम्मान किया जावेगा। देश प्रदेश की विकास यात्रा में वाहन सारथियों द्वारा सतत् यात्री/सामग्री परिवहन से सक्रिय सहभागिता की मान्यता एवं प्रेरणा स्वरूप आयोजित इस कार्यक्रम मे समस्त शासकीय/अशासकीय/व्यवसायिक/निजी संस्थानों सहित व्यक्तिगत वाहनों में संलग्न उत्तम वाहन चालकों के सम्मान के साथ उनके आत्म विश्वास अभिवृद्धि एवं भविष्य में नियमों के अनुपालन से सड़क सुरक्षा के लिये प्रेरित किये जाने की मंशा है। सारथी दिवस के अवसर पर दिनांक 24.01.2025 को समस्त बस, टैक्सी, ऑटो सहित निजी वाहन चालकों को उनकी सेवाओं की मान्यता एवं प्रोत्साहन स्वरूप धन्यवाद ज्ञापित करने का अनुरोध है।

### विप्र कॉलेज में 10 जनवरी से इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता

**रायपुर 8 जनवरी।**पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा 10 व 11 जनवरी को इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि 10 जनवरी से आयोजित इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में मेजबान विप्र कॉलेज सहित पंडित रविशंकर शुक्ला महाविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय की टीमें हिस्सा लेगी। प्रतियोगिता के आधार पर रविवि टीम का गठन किया जाएगा। जो अखिल भारतीय इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में रविवि का प्रतिनिधित्व करेगी

### चेम्बर के संविधान संशोधन के खिलाफ की गई अपील खारिज

**रायपुर 8 जनवरी।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर के संविधान संशोधन के विरूद्ध श्री श्रीचन्द सुन्दरानी द्वारा प्रस्तुत अपील रजिस्ट्रार ने खारिज कर दी है। रजिस्ट्रार के समक्ष चेम्बर के संविधान संशोधन के विरूद्ध श्रीचन्द सुन्दरानी एवं अन्य ने चुनौती दी थी, जिस पर रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं संस्थाएं ने दोनों पक्षों की सुनवाई करने के पश्चात् चेम्बर द्वारा किये गये संविधान संशोधन को विधिसम्मत एवं पूरी प्रक्रिया से किया गया बताया और प्रस्तुत की गई शिकायत खारिज कर दी। चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने कहा कि यह संशोधन पूरी पारदर्शिता और पूरी प्रक्रिया के साथ सबको समान अवसर देने के उद्देश्य से किया गया है। श्रीचन्द सुन्दरानी जी से अनुरोध है कि चेम्बर के चुनाव को अब और कानूनी दांवपेंच में न उलझाकर स्वस्थ चुनाव का मार्ग प्रशस्त करें।

### न्युवोको विस्टास ने वडराज सीमेंट लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा किया

**रायपुर 8 जनवरी।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्वी भारत में एक प्रमुख कंपनी, वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के अधिग्रहण को पूरा कर लिया है। न्युवोको, वीएसएल के सफल एसआरए के रूप में उभरा है, जो वर्तमान में कॉर्पोरेट इनसॉल्वेंसी समाधान प्रक्रिया से गुजर रहा है। न्युवोको द्वारा प्रस्तुत रेजोल्शून प्लान को कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ('सीओसी') द्वारा मंजूर किया गया है, और एक लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी किया गया है।ट्रांजेक्शन पर पूरी तरह से अमल न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी वान्या कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। न्युवोको अपने कंसोलिडेटेड डेट स्तरों में उल्लेखनीय वृद्धि के बिना लेनदेन को फंडिंग करने का इरादा रखता है। एसेट्स के नवीनीकरण और वीसीएल प्लांट्स के ऑपरेशनल सुधार को बढ़ावा देने के लिए चरणबद्ध निवेश 15 महीनों में किया जाएगा। उत्पादन शुरू करने की अनुमानित लक्ष्य तारीख वित्त वर्ष 27 की तीसरी तिमाही के आसपास है, जो रेजोल्यूशन प्लान के लिए माननीय नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) की मंजूरी के अंतगर्त है।

### छत्तीसगढ़ के हर अपराध में कही न कही कांग्रेस पार्टी संबंध

**रायपुर, 8 जनवरी ।** भाजपा लगातार कहती रही है कि हर कांग्रेसी अपराधी हैं, ऐसा बिल्कुल नहीं है। पर यह तथ्य है छत्तीसगढ़ में कि हर अपराध के पीछे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित कोई न कोई होता ही है। इसके जवाब में एक अजीब बात पिछले दिनों कही थी ने। उन्होंने राजीव मितान क्लब से संबंधित आरोपों पर जवाब देते हुए कहा था कि क्योंकि अब उस क्लब के सदस्यों को काम आदि नहीं दिया जा रहा, इसलिए सूखा नशा, अपराध आदि बढ़ रहे हैं। बकायदा प्रेस कर पूर्व सीएम ने यह बात कही थी। ऐसा कह कर वे साफ-साफ के आरोपों पर मुहर लगाते नजर आये कि अपराधों से कांग्रेस का कनेक्शन है। हालांकि हम हर कांग्रेसी युवा को अपराधी बिल्कुल नहीं मानते। भूपेशजी को ऐसा बिल्कुल नहीं कहना चाहिए था। पर अगर कांग्रेस के कद्दावर नेता की बात मान भी लें कि अब राजीव जी के क्लब वालों को पैसा-काम नहीं मिलता।



रायपुर 8 जनवरी। राजधानी में लगातार नगर-निगम की कार्रवाई जारी हैं, इसी कड़ी में आज पचपढ़ी नाका जीएसटी भवन और पोस्ट ऑफिस के बाहर नगर निगम ने अवैध कब्जों पर बुलडोज़र चलाकर कार्रवाई की हैं. इस इस दौरान पान ठेले और गुमटियों को नगर निगम ने तोड़ा हैं ।

# रायपुर में क्रिकेट का महाकुंभ: 18 फरवरी तक 'लीजेंड्स-90 क्रिकेट लीग' का आयोजन

**रायपुर 8 जनवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में फरवरी 2025 का महीना क्रिकेट और मनोरंजन का संगम लेकर आ रहा है। शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 8 से 18 फरवरी के बीच 'लीजेंड्स 90 क्रिकेट लीग' का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी और फिल्मी सितारे एक साथ नजर आएंगे।

लीग में कई बड़े राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सितारे शामिल होंगे। इनमें युवराज सिंह, सुरेश रैना, हरभजन सिंह, क्रिस गेल, और डेविड वॉर्नर जैसे नाम प्रमुख हैं। यह लीग क्रिकेट प्रशंसकों के लिए रोमांच का नया अनुभव लेकर आएगी, जिसमें पुराने दिग्गज खिलाड़ियों को मैदान पर फिर से जलवा बिखेरते देखा जा सकेगा।

खेल के साथ-साथ इस आयोजन में बॉलीवुड और छालीवुड के सितारों की चमक भी दर्शकों को लुभाएगी। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया, हुमा कुरैशी, अभिनेता आयुष्मान खुराना, गायक सोनू निगम और हार्डी संधू जैसे सितारे अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लगाएंगे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के कलाकार भी इस आयोजन का हिस्सा होंगे। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुणेश परिहार ने बताया कि यह लीग अंतर्राष्ट्रीय स्तर की है। इसके पिछले सीजन का आयोजन कैंडी, श्रीलंका में हुआ था। भारत में इस लीग के आयोजन का सम्मान इस बार छत्तीसगढ़ को मिला है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य में खेल और पर्यटन को बढ़ावा देना है।लीग के मैचों का आयोजन 8 फरवरी से 18 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। प्रत्येक मैच शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा। खिलाड़ियों की टीमें, कार्यक्रम और टिकट की जानकारी जल्द ही जारी की जाएगी।

यह आयोजन न केवल खेल के क्षेत्र में बल्कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों और फिल्मी सितारों के साथ यह राज्य को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान देगा। इस आयोजन को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। यह पहली बार है जब रायपुर इस तरह की भव्य अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट लीग की मेजबानी करेगा। टिकट बुकिंग और अन्य जानकारी के लिए आयोजकों की ओर से जल्द ही घोषणाएं की जाएंगी।

# छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए 75 युवाओं का दल रवाना

**रायपुर 8 जनवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य के 75 युवाओं का दल आज राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए रवाना किया गया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतिनिधि मंडल को बधाई दी. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना है, हमें प्रदेश को भी विकसित बनाना है. आप सभी लोग इस महोत्सव में भाग लेना जा रहे हैं. आप सभी को बधाई और शुभकामनाएं. वहीं खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी जो कहावत है 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' उसे चरितार्थ करेंगे. सभी



खेलों में राज्य का मान बढ़ाएंगे. छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शामिल होने के लिए आज कुल 75 युवाओं का दल रवाना किया गया है. बता दें कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन 10 से 12 जनवरी, 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा, जिसमें देश के अलग-अलग राज्यों से भी युवाओं की टीम शामिल होंगे।

## सर्द हवा से ठिठुर रहा छत्तीसगढ़

**रायपुर, 8 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सबसे ज्यादा ठंड सरगुजा संभाग में है। पूरे संभाग में शीतलहर चल रही है। प्रदेश में अगले दो दिनों के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी, जिससे ठंडी और बढ़ेगी। हालांकि अभी दो दिनों तक प्रदेश के न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। वहीं सोमवार को प्रदेश में सबसे ठंडा अंबिकापुर रहा। यहां 7.1 डिग्री न्यून्यतम तापमान दर्ज किया गया है। वहीं अधिकतम तापमान दुर्ग में 30.6 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट होने की संभावना है। इससे प्रदेश में ठंड में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही आउटर इलाकों में कोहरा छाए रहन के साथ ही कड़ाके की ठंड और ठिठुरन का अहसास होने वाला है। हालांकि अभी दो दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। मौसम में बदलाव नहीं होगा। दो दिनों के बाद मौसम मी बदलाव होगा।



## सामूहिक अनशन : बीएड डिग्रीधारक दो सहायक शिक्षकों की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

**रायपुर, 8 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ के नया रायपुर में सामूहिक अनशन कर रहे ब्क्रश्वस्त्र डिग्री धारक सहायक शिक्षकों की तबीयत बिगड़ गई है। दो शिक्षिकाओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें अभनपुर के शासकीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। 36 बीएड डिग्री धारक सहायक शिक्षक14 दिसंबर से सेवा सुरक्षा और समायोजन की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे हैं। आंदोलनकारियों ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि, धरना स्थल पर किसी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। शिक्षकों द्वारा 108 एंबुलेंस सेवा को कॉल कर बुलाया गया। जिसके बाद दोनों शिक्षिकाओं को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर में भर्ती कराया गया। इनमें से दो सहायक



शिक्षिकाओं की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। बीएड धारक सहायक शिक्षक सेवा सुरक्षा और समायोजन की मांग को लेकर जल सत्याग्रह के साथ-साथ सामूहिक अनशन पर हैं। शिक्षकों का कहना है कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है। धरना स्थल पर स्वास्थ्य सुविधाओं की अनुपलब्धता और शासन-प्रशासन की चुप्पी पर आंदोलनकारी शिक्षकों ने नाराजगी जताई है।

आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगें सेवा सुरक्षा प्रदान करना और ब्क्रश्वस्त्र धारक सहायक शिक्षकों का समायोजन सुनिश्चित करना है। शिक्षकों का कहना है कि उनकी आजीविका और भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सरकार को त्वरित कदम उठाने चाहिए।

## छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का सिलसिला अनवरत जारी

**रायपुर, 8 जनवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक लगभग 106 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 20.53 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 23 हजार 790 करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। प्रदेश के समस्त पंजीकृत कृषकों को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान विक्रय हेतु टोकन की सुविधा ऑनलाईन एप्प (टोकन तुंहर हांथ) एवं उपार्जन केन्द्रों में 25 जनवरी 2025 तक के लिए उपलब्ध कराया गया है। किसान सुविधा अनुसार तिथी का चयन कर नियमानुसार धान विक्रय कर सकते है। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है। अब तक 79.15 लाख मीटरिक टन धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है, इसके एवज में 49.15 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 07 जनवरी 2025 को 65 हजार 321 किसानों से 3.41 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 75 हजार 905 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 73 हजार 725 टोकन जारी किया गया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ वर्ष के लिए 27.78 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.59 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है।



## असम प्रदेश के स्पेशल ऑब्ज़र्वर विकास उपाध्याय सात दिनों तक असम प्रदेश के दौरे पर

**रायपुर, 8 जनवरी ।** असम प्रदेश के स्पेशल ऑब्जर्वर एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि असम में कांग्रेस पार्टी की गतिविधियों को जोर देने, साथ ही संगठन मे ब्लॉक एवं जिला में बैठक लेकर पार्टी को अधिक मज़बूती प्रदान करने आज जिला जोरहाट मुख्यालय पहुंचे जहां पर लोक सभा के उप नेता गौरव गोगई एवं विधायकों तथा



संगठन के साथियों के साथ चर्चा हुई । जोरहाट जिले के बैठक संपन्न के बाद जिलेवार माजुली, गोलाघाट, शिवसागर, चराईदेव, सोनारी, डिब्रुगढ़, तिनसुकिया में जाकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओ से बैठके करेंगे एवं आगामी कार्यो की रूपरेखा तैयार करेंगे। उपाध्याय ने बताया कि असम प्रदेश के तमाम जिलों में कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलेंगे और चर्चा करेंगे बैठकों के माध्यम से एवं कांग्रेस की रीति नीति को आगे बढ़ते हुए संगठन की मजबूती को बढ़ाने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी साथ ही असम प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर तथा असम प्रदेश के प्रभारी जितेंद्र भंवर सिंह जी के समक्ष काम करने वाले कार्यकर्ताओं की बातों को रखेंगे।

# विशेष विवाह अधिनियम के तहत आज जिले के अपर न्यायालय कोर्ट में 10 जोड़ों का हुआ विवाह

**रायपुर, 8 जनवरी ।** जिले में विशेष विवाह अधिनियम के तहत आज 10 विवाह संपन्न हुए। इस अधिनियम के तहत इच्छुक आवेदकगण अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी के समक्ष आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक जो लड़का-लड़की बालिग हों कोर्ट में दस्तावेज प्रस्तुत करने पर विवाह संपन्न कराया जाता है। इसके लिए आवेदन पत्र 7 प्रति में, शपथ पत्र वर-वधु दोनो का जिसमें अविवाहित-तलाकशुदा-विदूरध्विधवा का एवं उनके बीच कोई रक्त संबंध नही है, का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिये। तलाकशुदा होने की स्थिति में संबंधित न्यायालय का आदेश-डिग्री एवं विदूर-विधवा होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र होना चाहिए। जन्मतिथि के लिये अंकसूची जिसमें जन्मतिथि अंकित हो अथवा जन्म प्रमाण पत्र दोनो की, फोटो वर-वधु की अलग-अलग, 7 फोटो वर-वधु की अलग-अलग, 8 रूपये का चालान, 108-विवाह शुल्क भारतीय स्टेट बैंक मेन ब्रांच रायपुर में जमा करना होगा। साथ ही वर-वधु का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, बिजली बिल, राशन कार्ड, दो लिफाफा जिसमें 30/- रूपये का डाक टिकट लगा हो। उपरोक्त दस्तावेज आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय द्वारा आवेदकगण के विवाह हेतु आपत्ति दावा प्राप्त करने के लिये 30 दिवस का सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन कार्यालय की नोटिस बोर्ड में पेपर पब्लिकेशन के माध्यम से कराया जाता है, साथ ही संबंधित विवाह अधिकारी-तहसीलदार को भी सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन प्रेषित करते हुये, आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत विवाह का आवेदन पत्र की प्रति उनके पालक को भी भेजी जाती है। निर्धारित तिथि तक आपत्ति प्राप्त होने पर आपत्ति का निराकरण करते है। यदि आपत्ति प्राप्त नही होती है. तो उनका विवाह सम्पन्न कराया जाता है। विवाह उपरांत वर व वधु को धारा 13 के अंतर्गत दोनों को विवाह प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। उल्लेखनीय है कि आवेदकगण का आवेदन पत्र, उनके द्वारा प्रस्तुत दिनांक से केवल तीन माह के लिए वैद्य रहता है, विवाह हेतु वर-वधु में से कोई एक इस जिले का निवासी होना अनिवार्य है। आवेदकगण के समस्त दस्तावेज स्व-हस्ताक्षरित होना चाहिये।

# चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने चेम्बर के मुख्य चुनाव अधिकारी से की मुलाकात

**रायपुर, 8 जनवरी** ।छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी के नेतृत्व में चेम्बर के मुख्य चुनाव अधिकारी श्री शिवराज भंसाली जी से मुलाकात की तथा रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स द्वारा चेम्बर के पक्ष में सुनवाई करते हुए चेम्बर संविधान संशोधन को पारित कर आदेश जारी किया है,



जिसकी छायाप्रति चेम्बर के मुख्य चुनाव अधिकारी श्री शिवराज भंसाली जी एवं चुनाव अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा जी के समक्ष प्रस्तुत कर अवलोकन पश्चात् चुनाव की आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निवेदन किया। इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-विक्रम सिंहदेव, मनमोहन अग्रवाल, मंत्री-शंकर बजाज एवं कैट के कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26